दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्षः 3 । अंकः 226 जयपुर, गुरुवार, 25 जुलाई, 2024 । श्रावण, कृष्ण पक्ष-पंचमी, विसं 2081 पृष्ठः 10 | मूल्यः 2.00

**मौसमः** जयपुर सहित प्रदेश के कई हिस्सों में बरसे मेघ... कुछ स्थान तर-ब-तर

# बरखा बहार... राजधानी में ठंडक का शुमार, उतरा उमस का खुमार

■ प्रदेश के कई जिलों में बारिश का दौर जारी, तापमान में गिरावट

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहने से मौसम सुहावना हो गया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों में राज्य में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ हल्के से मध्यम वर्षा तथा चित्तौड़गढ़ व जोधपुर जिले में कहीं-कहीं भारी वर्षा दर्ज की गई है। पूर्वी राजस्थान में सर्वाधिक बारिश भोपालसागर-चित्तौड़गढ़ में 98 एमएम व पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर में 92 एमएम बारिश दर्ज की गई है। वहीं, जहां तक गर्मी का प्रश्न है, राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 42.9 डिग्री श्रीगंगानगर तथा सर्वाधिक न्यूनतम तापमान 31.1 डिग्री श्रीगंगानगर में दर्ज किया गया। आगामी मौसम को लेकर जारी अलर्ट के अनुसार फिलहाल प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहेगा।





### 3 दिन बारिश का अलर्ट जारी

मौसम विभाग ने बुधवार को जारी अपनी रिपोर्ट में आगामी 3 दिनों में प्रदेश में जैसलमेर को छोड़ कर बाकी जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

### राजधानी में हुई वर्षा से पलटा मौसम

जयपुर में बुधवार दिन में फिर शाम को हुई बारिश ने मौसम खुशनुमा बना दिया। इससे उमस से परेशान हो रहे जयपुरवासियों को काफी राहत मिली। इस बारिश ने उमस का खुमार उतार, ठंडक का शुमार कर दिया। इसके बाद लोग सपरिवार पार्कों में घूमने निकले। इससे पूर्व, मंगलवार देर रात से घने बादल छाए हुए थे। बुधवार सुबह हुई हल्की बारिश से लोगों को उमस व गर्मी से राहत मिली। साथ ही हवा ने भी मौसम को खुशनुमा कर दिया। सुबह करीब 6.30 बजे शुरू हुई रिमझिम बारिश का दौरा रुक-रुककर करीब 7.15 बजे तक जारी रहा। जयपुर में बीते करीब एक सप्ताह से तेज बारिश नहीं हुई है। इस कारण मानसून सीजन में अब तक जयपुर में सामान्य से करीब 2 फीसदी बारिश कम हुई है।

## जरूरी खबर

### नीता अंबानी दोबारा सर्वसम्मति से चुनी गईं IOC की मेंबर



**पेरिस।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी ने एक बार फिर नीता अंबानी में अपना विश्वास जताया है। वे सर्वसम्मति से दोबारा आईओसी की सदस्या चुन ली गई हैं। कुल 93 वोटर्स ने अपना वोट दिया और नीता अंबानी के पक्ष में सभी 93 वोट पड़े यानी पूरे 100 प्रतिशत। साल 2016 में रियो डी जेनेरियो ओलंपिक खेलों में नीता अंबानी पहली बार आईओसी सदस्या चुनी गई थी। वे रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर और चेयरपर्सन हैं। इस मौके पर नीता अंबानी ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी के सदस्य के रूप में फिर से चुने जाने पर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं।

### अग्निवीरों को BSF व CISF में आरक्षण, आयु सीमा में छूट

**नई दिल्ली।** अग्निवीरों को बीएसएफ और सीआईएसएफ में होने वाली भर्तियों में 10 फीसदी का आरक्षण दिया जाएगा। बुधवार को गृह मंत्रालय ने यह बड़ा फैसला लिया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने कहा कि अग्निवीर को लेना ऐसे ही है कि जैसे हमें तैयार सैनिक मिल रहे हों। बीएसएफ ने कहा कि अग्निवीरों के लिए हम 10 फीसदी आरक्षण देंगे। साथ ही, पहले बैच को आयु सीमा में 5 साल की छूट मिलेगी। इसके बाद वाले बैचों को 3 साल की रियायत दी जाएगी।

### पाकिस्तान से आई 30 करोड़ की हेरोइन बरामद



**जयपुर।** श्रीगंगानगर और अनूपगढ़ जिलों की पाक सीमा पर एक बार फिर पाकिस्तान की ड्रोन घुसपैठ को नाकाम करते हुए बीएसएफ और पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने यहां दो स्थानों से 30 करोड रुपए मूल्य की 6 किलो हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ और पुलिस की संयुक्त सर्च टीमों ने रावला में 2 किलो और अनूपगढ़ के गांव 30 एपीडी में 4 किलो हेरोइन बरामद की है।

राज्य सरकार एवं हुडको के मध्य एमओयू, सीएम बोले...

# अक्षय ऊर्जा का उत्पादन आत्मनिर्भरता के लिए अहम



**जैसलमेर में 400 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र से अक्षय ऊर्जा का उत्पादन**

■ सीएम ने किया संयंत्र के वर्चुअल उद्घाटन समारोह को संबोधित...

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में सिरमौर बनाने तथा पेयजल और सिंचाई के लिए बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। इस संकल्प को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार सभी आवश्यक वित्तीय संसाधन सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने कहा कि हुडको एवं राज्य सरकार के बीच बुधवार को हुआ एमओयू विकसित राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जैसलमेर सौर ऊर्जा संयंत्र के वर्चुअल उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी कंपनी रिन्यू द्वारा जैसलमेर में 400 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र से अक्षय ऊर्जा का उत्पादन प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। शेष 200 मेगावाट का उत्पादन अक्टूबर तक प्रारंभ हो जाएगा। इस संयंत्र द्वारा राजस्थान डिस्कॉम को बेहद सस्ती दरों पर विद्युत आपूर्ति हो सकेगी।

### हुडको ने सौंपा 1577 करोड़ रुपए का चेक

हुडको ने राज्य सरकार के साथ एक लाख करोड़ रुपए का एमओयू किया, जिसके तहत अगले 5 वर्ष तक पानी, सिंचाई और बिजली जैसी बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं के लिए राज्य सरकार को प्रति वर्ष 20 हजार करोड़ रुपए का ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। जल जीवन मिशन के लिए हुडको द्वारा बुधवार को आरडब्ल्यूएसएससी को 1577 करोड़ रुपए का चेक सौंपा गया। इस अवसर पर राज्य सरकार एवं हुडको के मध्य महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए गए।



**बेधड़क. नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट हुई। इस अवसर पर उन्हें सरकार द्वारा राजस्थान के सर्वांगीण व चहुंमुखी विकास की दिशा में किए जा रहे लोक कल्याणकारी कार्यों से अवगत कराया। -पेज 2 भी देखें

### बुनियादी सुविधाओं के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली और पानी की निर्बाध आपूर्ति के क्रम में महत्वपूर्ण प्रगति अर्जित की है। प्रदेश में 28,500 मेगावाट की अक्षय ऊर्जा एवं 3325 मेगावाट की थर्मल परियोजनाओं के लिए 1.50 लाख करोड़ रुपए के निवेश के लिए एमओयू हो चुके हैं। साथ ही, प्रसारण तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए 10 हजार करोड़ रुपए के निवेश पर हस्ताक्षर भी हुए। राजस्थान ऊर्जा विकास निगम एवं एसजेवीएन के मध्य 600 मेगावाट सौर ऊर्जा परचेज एग्रीमेंट हस्ताक्षरित हो चुका है। उन्होंने बताया कि 8 हजार मेगावाट सौर तथा 3,200 मेगावाट कोल आधारित परियोजनाओं के लिए टैरिफ आधारित निविदा प्रक्रिया प्रारम्भ की जा चुकी है। इन परियोजनाओं की स्थापना से 64 हजार करोड़ रुपए का निवेश होगा।

## शिष्टाचार भेंट



**सच बेधड़क मीडिया हाउस** के फाउंडर और ग्रुप एडिटर **विनायक शर्मा** ने बुधवार को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सीपी जोशी से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच खासी आध्यात्मिक चर्चा हुई। लंबे समय से आध्यात्मिक, धार्मिक और सामाजिक क्षेत्र में काम कर रहे विनायक शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के साथ अपना अनुभव साझा किया। जोशी ने शर्मा को धार्मिक, सामाजिक और मीडिया क्षेत्र में बेहतर काम के लिए धन्यवाद दिया और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

आईएनएस ब्रह्मपुत्र की आग ने छीना राजस्थान का लाल

# झुंझुनूं का एक जवान शहीद आज होगा अंतिम संस्कार

**बेधड़क** | जयपुर/ पिलानी (झुंझुनूं)

■ नेवल डॉकयार्ड में शिप में लगी थी आग

भारतीय नौ सेना के शिप आईएनएस ब्रह्मपुत्र में मरम्मत के दौरान लगी आग लगने की घटना में झुंझुनूं का एक जवान शहीद हुआ है। जानकारी के अनुसार रविवार को मुंबई स्थित नेवल डॉकयार्ड में मरम्मत के दौरान आग लग गई थी, तब से झुंझुनूं के जूनियर नाविक सितेंद्र सिंह सांखला लापता थे।

उनका शव बुधवार तड़के 3 बजे नेवी के गोताखोरों ने समुद्र से निकाला। 23 साल के सांखला झुंझुनूं की सूरजगढ़ तहसील के डांगर गांव के रहने वाले थे। उनके पैतृक गांव में गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। बता दें कि आग लगने की घटना के बाद आईएनएस ब्रह्मपुत्र एक तरफ झुक गया था। आग को 16 घंटे बाद बुझाया जा सका था।



जिस वक्त हादसा हुआ, तब आईएनएस ब्रह्मपुत्र पर लगभग 300 अधिकारी और अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन सितेंद्र लापता थे। उनकी पार्थिव देह गुरुवार सुबह 10 बजे तक सड़क मार्ग से उनके पैतृक गांव डांगर लाई जाएगी।

### 2018 में नेवी में नाविक के पद पर भर्ती हुए थे सितेंद्र

सितेंद्र सिंह सांखला 2018 में नेवी में नाविक के पद पर भर्ती हुए थे। अभी 3 महीने पहले मार्च में ही चचेरे भाई की हादसे में मौत के बाद सितेंद्र गांव आकर लौटे थे। उनके परिवार में पिता पूर्ण सिंह और माता प्रेम देवी हैं, जो कि गांव में ही रहते हैं। आजीविका खेती-बाड़ी पर निर्भर है। सितेंद्र का एक बड़ा भाई मनेन्द्र सिंह (25) है।

सौगातों पर सत्कार

# अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक का उत्थान हमारा लक्ष्य: मुख्यमंत्री शर्मा

- बजट में दी सौगातों के लिए कोटा, ब्यावर व जैतारण की जनता ने जताया सीएम का आभार
- इन क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन कर दिया धन्यवाद

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि परिवर्तित बजट 2024-25 में प्रदेश के युवा, महिला, किसान तथा गरीब के उत्थान को लक्ष्य में रखते हुए योजनाओं तथा कार्यक्रमों की घोषणा की गई है।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि विकास की ब्यार से राजस्थान का कोई भी क्षेत्र अछूता ना रह जाए। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर बजट सौगातों के लिए कोटा, ब्यावर और जनता से आई जनता की धन्यवाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने पर्यावरण दिवस 5 जून को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की है, जिससे अधिक से अधिक लोग पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभा सकें। उन्होंने जनता का आह्वान किया कि सभी एक पेड़ अपनी मां के नाम पर लगाएं।



### बजट में मिली सबको सौगातें

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में कोटा, ब्यावर तथा जैतारण के चहुंमुखी विकास के लिए कई सौगातें दी गई हैं। जैतारण में 30 करोड़ रुपए की लागत से समौखी से बलाड़ा, पृथ्वीपुरा से लौटोती, बलुन्दा से खराड़ी, कालब खुर्द से काणूजा, बूटीवास से रास, निमाज से चावण्डिया कलां, कावलिया से आनंदपुर कालू सड़कों के सुदृढ़ीकरण व चौड़ाईकरण का कार्य करवाया जाएगा। वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर लगभग 110 करोड रुपए व्यय कर संबंधित रेलवे स्टेशनों को दो लेन सड़क से जोड़ा जाएगा। ब्यावर में अनुसूचित जाति छात्रावास खोले जाएंगे तथा निम्बाज (जैतारण) पशु चिकित्सालय का प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नयन किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि औद्योगिक नगरी कोटा में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का काम शुरू किया जाएगा।

### सबके विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प पर काम करते हुए अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के लिए योजनाओं तथा कार्यक्रमों का संचालन कर रही है तथा उनका उत्थान राज्य सरकार का लक्ष्य है। हम सबको भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए जरूरतमंदों को केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करनी चाहिए। 'सबका साथ-सबका विकास' की सोच के साथ ही विकसित राजस्थान और विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी।

### मंत्रियों ने CM को दिया धन्यवाद

इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने अपने पहले ही बजट में विकसित राजस्थान-2047 की रूपरेखा तैयार की है। राज्य सरकार सभी क्षेत्रों तथा सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। कार्यक्रम में विधायक शंकर सिंह रावत ने बजट में ब्यावर को दी गई सौगातों के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने शर्मा को धन्यवाद देते हुए माल्यार्पण कर उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया।

## जरूरी खबर

### चुनरी एवं ध्वज महोत्सव के पोस्टर का किया विमोचन



**जयपुर।** चुनरी महोत्सव एवं ध्वजा महोत्सव के पोस्टर का विमोचन उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया। अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति के राष्ट्रीय महामंत्री गोविंद नाटाणी ने बताया कि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के निवास स्थान पर अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति द्वारा 11 अगस्त, 2024 को जीण माता के दरबार में चुनरी महोत्सव एवं ध्वजा महोत्सव के आयोजन के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनयाल नाटाणी द्वारा उप मुख्यमंत्री को कुलदेवी जीणमाता का स्मृति चिह्न भी भेंट किया गया।

### जयपुर-दिल्ली का सफर तीन घंटे में होगा पूरा

**जयपुर।** जयपुर से दिल्ली तक की राह अब आसान होगी और महज तीन घंटे में जयपुर से दिल्ली तक का सफर पूरा किया जा सकेगा। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बुधवार को बताया कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस राजमार्ग को जोड़ने वाले 67 किमी. लंबे जयपुर-बांदीकुई चार लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए जयपुर के बगराना गांव में अवाप्त भूमि पर निर्मित 250 से ज्यादा दुकानों, मकानों एवं अन्य निर्माणों को हटाने का कार्य प्रभावितों को मुआवजा वितरण के बाद पूरा कर लिया गया है।

### नगरपालिका के ईओ पद पर मीणा को लगाया



**चाकसू।** पिछले एक पखवाड़े से रिक्त चल रहे नगरपालिका ईओ पद पर आखिरकार डीएलबी ने बनवारीलाल मीणा को लगा दिया है। एक पखवाड़े पहले डीएलबी ने ईओ शंभू लाल मीना को एपीओ कर दिया था और उनकी जगह किसी अन्य अधिकारी को यहां पर नहीं लगाया था। इसके कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे थे। 'सच बेधड़क' समाचार पत्र ने इस समस्या को हाल में ही प्रकाशित किया था। समाचार पत्र में छपी खबर को क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा व कृषि मंडी के पूर्व चेयरमैन व वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश शर्मा ने प्रमुखता से लिया। उन्होंने तत्काल डीएलबी के अधिकारियों से बात की जिस पर डीएलबी डायरेक्टर सुरेश कुमार ओला ने बनवारी लाल मीणा को चाकसू नगरपालिका ईओ के पद लगा दिया है।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश की विकास योजनाओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर की सार्थक चर्चा

# सीएम भजनलाल ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से की मुलाकात

बेधड़क | नई दिल्ली

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली में कई केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश की विकास योजनाओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संसद भवन में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर.पाटिल से भेंट कर उन्हें राजस्थान में जल जीवन मिशन तथा पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) की वर्तमान प्रगति एवं क्रियान्वयन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य व सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी से उनके आवास पर भेंट की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री के साथ प्रदेश की विकास योजनाओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की। मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय ऊर्जा एवं हाउसिंग और अर्बन अफेयर्स मंत्री मनोहर लाल खट्टर से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री के साथ राजस्थान प्रदेश की प्रगति एवं विद्युत क्षेत्र में ऊर्जा के नवीन स्रोतों के विकास, आधुनिकीकरण तथा नूतन तकनीकी के समावेश सहित विविध महत्वपूर्ण मुद्दों पर सविस्तार चर्चा की।





## विधानसभा में गूंजा सरिस्का में अतिक्रमण व निशुल्क बिजली का मुद्दा

# फ्री बिजली योजना में अब नहीं जुड़ेंगे नए आवेदक

बेधड़क | जयपुर

गहलोत सरकार की 100 यूनिट फ्री बिजली योजना का लाभ नए आवेदकों को नहीं मिलेगा। राजस्थान विधानसभा में बुधवार को फ्री बिजली के मुद्दे पर सरकार से कई महत्वपूर्ण सवाल पूछे गए। जिसमें सादुलपुर विधायक मनोज नांगली के प्रश्न और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के पूरक प्रश्न का जवाब के दौरान ऊर्जा मंत्री ने मात्र दो शब्दों में देकर साफ कर दिया कि फिलहाल फ्री बिजली देने की कोई योजना विचाराधीन नहीं है।



ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बुधवार को राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और बसपा विधायक मनोज न्यांगली के सवाल पर कहा कि चुनावी फायदे के लिए कांग्रेस यह स्कीम लाई थी। उन्होंने कहा कि अगर सबको लाभ देना होता तो रजिस्ट्रेशन की बाध्यता रखने की जरूरत नहीं होती। सौ यूनिट फ्री बिजली की स्कीम से जुड़े सवाल के जवाब में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कांग्रेस सरकार पर चुनावी लाभ के लिए स्कीम लाने का आरोप लगाया। बसपा विधायक मनोज न्यांगली के सवाल पर नागर ने कहा कि इस योजना में 30 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को फायदा नहीं मिल रहा, उन्होंने रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया। कांग्रेस राज में चुनावी एमनेस्टी स्कीम लाई गई थी। चुनावी फायदे के लिए स्कीम लाई गई थी। अगर सबको लाभ देना होता तो रजिस्ट्रेशन की बाध्यता रखने की जरूरत ही नहीं थी।

इससे पहले नेता प्रतिपक्ष पर भाजपा विधायक ने सरिस्का क्षेत्र में अतिक्रमण के आरोप लगाए तो जमकर हंगामा हुआ। भाजपा विधायक शत्रुघ्न गौतम ने कहा कि जूली का नाम अलवर यूआईटी के अतिक्रमियों की लिस्ट में है। इसलिए या तो इस लिस्ट को अपडेट करके नाम हटाएं या कार्रवाई कीजिए। नेता प्रतिपक्ष पर लगे आरोपों पर कांग्रेस विधायकों ने कड़ी आपत्ति जताते हुए हंगामा किया। कांग्रेस विधायकों ने वेल में आकर जमकर नारेबाजी की। इस विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने नेता प्रतिपक्ष पर लगे आरोपों को कार्यवाही से निकालने के आदेश दिए। इसके बाद भी हंगामा जारी रहा। गौतम बोलते रहे और आरोप लगाते रहे। गौतम ने सदन में कागज लहराकर कहा कि मेरे पास आरोपों के पक्ष में सबूत हैं।

### नेता प्रतिपक्ष को अतिक्रमी कहने पर बरपा हंगामा

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान सरिस्का क्षेत्र में अतिक्रमण के मुद्दे को लेकर जमकर हंगामा हुआ। भाजपा विधायक शत्रुघ्न गौतम ने सरिस्का क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण का मामला उठाते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और उनके रिश्तेदारों का नाम अतिक्रमण में होने का पर्चा सदन में दिखाया तो उसके बाद विपक्ष ने इसको लेकर हंगामा कर दिया। विपक्ष के हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इसे सदन की कार्यवाही से हटा दिया। दरअसल, प्रश्नकाल के दौरान विधानसभा में बीजेपी विधायक शत्रुघ्न गौतम ने कहा कि सरिस्का क्षेत्र में लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है, पिछले दिनों अलवर यूआईटी ने भी सर्वे किया, जिसमें नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का नाम अलवर यूआईटी के अतिक्रमियों की लिस्ट में है। इसलिए या तो इस लिस्ट को अपडेट करके नाम हटाए या कार्रवाई कीजिए। इसके बाद विपक्ष के सदस्यों ने जमकर नारेबाजी शुरू कर दी और सदन में हंगामा किया। विपक्ष के सदस्यों ने वेल में आकर इस तरह से नेता प्रतिपक्ष का नाम अतिक्रमणकारियों में बताने पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। बढ़ते हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने नेता प्रतिपक्ष को अतिक्रमी बताने के बयान को सदन की कार्यवाही से हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद मामला शांत हुआ. हालांकि जिस समय हंगामा चल रहा था उस समय भाजपा विधायक शत्रुघ्न गौतम लगातार अलवर यूआईटी के उस आदेश की कॉपी को लहराते हुए दिखे, जिसमें नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को अतिक्रमण कारी माना गया है।

## उदयपुर सांसद ने उठाया मुद्दा

# लोकसभा में गूंजा 'आदिवासी हिंदू नहीं' का मामला

बेधड़क | जयपुर

उदयपुर के सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने बुधवार को लोकसभा में टीएसपी क्षेत्र में आदिवासियों के खिलाफ पिछले कुछ सालों से चलाए जा रहे मामले को उठाते हुए सदन के माध्यम से पूरे मामले की जांच एनआईए सहित अन्य जिम्मेदार एजेंसियों से कराने की मांग की।

सांसद रावत ने सदन को संबोधित करते हुए सभापति से कहा कि वे एक महत्वपूर्ण विषय पर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। कांकरी डूंगरी प्रकरण का जिक्र करते हुए सांसद डॉ. मन्ना लाल रावत ने कहा कि वर्ष 2018 से लेकर 2023 तक की अवधि में इस टीएसपी क्षेत्र में भ्रम फैलाया गया कि आदिवासियों पर आईपीसी लागू नहीं होती। उसके उपरांत युवाओं को भड़का कर कांकरी डूंगरी कांड कराया गया, जिसमें दो आदिवासी किशोर व युवा गोलीकांड के शिकार हुए। इसके अलावा क्षेत्र में संस्कृति पर आक्रमण करते हुए हुए द प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट एक्ट जो कि संसद का 1955 में बना कानून है, उसकी धारा 3 के विरुद्ध आदिवासी हिंदू नहीं है ऐसा भ्रम फैलाया गया। सांसद डॉ. रावत ने कहा कि आदिवासियों पर आईपीसी लागू नहीं होती, इस भ्रम की वजह से पूरे क्षेत्र में पत्थरबाज पैदा हो रहे हैं। कानून-व्यवस्था पूरी तरह भंग हो रही है।




सांसद रावत ने बावलवाड़ा घाटी का जिक्र करते हुए कहा कि उस क्षेत्र में कई स्थानों पर पत्थरबाजी की ऐसी घटनाएं हो रही है, जिसके कारण सात बजे बाद चलना मुश्किल हो गया है। वहां जो भी उत्पात हो रहा है, बाहरी तत्व आ रहे हैं, उनकी एनआईए सहित अन्य जिम्मेदार एजेंसियों से जांच होनी चाहिए।

## कारगिल विजय दिवस मनाएगा भाजयुमो

# हर विधानसभा क्षेत्र में निकलेगा जुलूस

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश भर में भाजपा युवा मोर्चा की ओर से 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम विजय दिवस की पूर्व संध्या से शुरू होंगे, जो विजय दिवस तक चलेंगे। इसमें प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्र में मशाल जुलूस से लेकर युवा जागृति सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित होंगे।




बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची ने बताया कि कारगिल युद्ध में हमारे वीर सैनिकों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए विजय प्राप्त की थी। इस वर्ष युवा मोर्चा कारगिल विजय की 25वीं वर्षगांठ मनाएगा। इस अवसर पर अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, ताकि युवाओं को हमारे वीर सैनिकों की वीरता की जानकारी मिल सके। चेची ने बताया कि पहला कार्यक्रम मशाल जुलूस का रहेगा, जिसमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र स्तर पर कम से कम 500 युवा मशाल लिए जुलूस में सम्मिलित होंगे, वहीं प्रत्येक जिले में अलग-अलग विधानसभाओं में आयोजित मशाल जुलूस में कुल 2500 मशाल लिए युवा सम्मिलित होंगे। प्रत्येक मशाल रैलियां (मशाल जुलूस) प्रतीकात्मक, ऐतिहासिक स्थलों जैसे कारगिल शहीदों, कारगिल वीरों, युद्ध वीरों के घरों या युद्ध स्मारकों से शुरू होंगी। प्रत्येक मशाल जुलूस का समापन एक प्रमुख स्थान पर 'विजय दीप' प्रज्वलित कर किया जाएगा। यह 25 जुलाई की शाम से 26 जुलाई की शाम तक लगातार अखंड रूप से 25 घंटे तक प्रज्वलित रहेगा।

## सरपंच संघ ने विधानसभा घेराव किया स्थगित

# सरकार और सरपंचों के बीच बनी सहमति

बेधड़क | जयपुर

सरपंच संघ राजस्थान के बैनर तले एक माह से चल रहा आंदोलन बुधवार को स्थगित किया गया है। सरपंच संघ के पदाधिकारियों और अधिकारियों के बीच हुई कई दौर की वार्ता के बाद एक माह के लिए आंदोलन के लिए स्थगित कर दिया है।



वार्ता के दौरान ज्यादातर मांगों पर सहमति बनने के बाद विधानसभा का घेराव भी स्थगित कर दिया गया है। सरपंच संघ की मांगों पर सरकार की ओर से सकारात्मक सहमति होने के बाद सरपंच संघ ने सरकार और मंत्री का स्वागत किया गया। सरपंच संघ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर गढ़वाल और मुख्य प्रवक्ता रफीक पठान ने बताया कि 15 सूत्री मांगों को लेकर राजस्थान के सरपंच आंदोलन कर रहे थे। इसमें मुख्य मांग विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से दिया जाने वाला फंड विगत 2 साल से बकाया चल रहा है। इसके अलावा नरेगा सामग्री का भुगतान भी 3 साल से नहीं होने के साथ ही खाद्य सुरक्षा का लाभ वंचित पात्र परिवारों को देने, प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृतियां निकालने सहित कई मांगे शामिल थी। इन्हीं मांगों को पूरी करने के लिए राजस्थान के सरपंचों ने 24 जुलाई को विधानसभा घेराव का आह्वान किया था। इसी संदर्भ में सरकार ने सरपंचों को वार्ता के लिए बुलाया। वार्ता में अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज अभय कुमार, पंचायत राज सचिव रवि जैन सहित अन्य अधिकारी और सरपंच संघ राजस्थान के प्रतिनिधि मंडल के साथ हुई वार्ता के दौरान सहमति बनी गई।

## RAS, REET और SI पेपर लीक में कांग्रेस के छह नेताओं पर लगाए गंभीर आरोप

# पेपर लीक से जुड़े दस्तावेज लेकर SOG ऑफिस पहुंचे डॉ. किरोड़ी मीणा

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में पेपरलीक के मुद्दे पर राजनीति गर्माई हुई है। इसी बीच बुधवार को जब पूर्व मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा इस मुद्दे को लेकर एसओजी दफ्तर पहुंच तो प्रदेश की सियासत में नया भूचाल आ गया।

मीणा ने यहां पेपर लीक मामले में कई बड़े खुलासे किए। डॉ. मीणा ने एसओजी दफ्तर RAS, REET और SI भर्ती परीक्षाओं में हुए पेपर लीक के सबूत लेकर पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ कुशलगढ़ से कांग्रेस विधायक रमिला खड़िया भी मौजूद रहीं। दोनों नेताओं ने एसओजी के एडीजी वीके सिंह से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद किरोड़ी मीणा ने कई बड़े दावे किए हैं, उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकार के कई नेता पेपरलीक मामले में शामिल हैं और एसओजी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

### SOG इंस्पेक्टर पर लगाए गंभीर आरोप

डॉ. मीणा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि 'उदयराम और सुरेश ढाका, जो सीनियर टीचर भर्ती पेपर लीक के मुख्य आरोपी हैं और फरार चल रहे हैं, उन्हें एसओजी इंस्पेक्टर मोहन पोसवाल ने भगा दिया है।' उन्होंने कहा, 'जिस दिन उदयराम और सुरेश ढाका पकड़े जाएंगे, उस दिन पूर्ववर्ती सरकार के आधा दर्जन से ज्यादा नेता पकड़े जाएंगे। इन नेताओं ने पेपर लीक करवाया है। हालांकि इस दौरान जब मीडिया से किरोड़ी से नामों का खुलासा करने के लिए कहा तो उन्होंने नाम बताने से इनकार कर दिया। किरोड़ी ने कहा कि नाम बताना सही नहीं होगा।

### एसओजी ने कार्रवाई नहीं की तो करेंगे सत्याग्रह

डॉ. किरोड़ी मीणा ने एसओजी के उन अधिकारियों की गिरफ्तारी की मांग की जो इस मामले में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एसओजी के उन अधिकारियों की गिरफ्तारी होनी चाहिए, जिन लोगों ने राजस्थान के युवाओं के साथ खिलवाड़ किया। जिन नेताओं के फोन पर एसओजी के अधिकारियों ने काम किया, उनकी भी गिरफ्तारी होनी चाहिए। अगर एसओजी ने कार्रवाई नहीं की तो मैं सत्याग्रह करूंगा।' उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकार ने जमकर नकल माफिया को पनपाया। एसओजी के अधिकारियों ने भी उनका साथ दिया है। एसओजी के उन अधिकारियों का नाम भी एडीजी एसओजी को देकर आया हूं। क्योंकि, उनके इशारे पर ही पेपर लीक का ये खेल नहीं खुला, जबकि सैकड़ों की संख्या में लोग उस दौरान सड़क पर उतरे थे।



### RPSC चेयरमैन ने भी किए खूब कबाड़े

डॉ. किरोड़ी मीणा ने कहा कि उदयराम और सुरेश के पास बहुत जानकारी है। डॉ. मीणा ने RPSC चेयरमैन संजय श्रोत्रिय पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आरपीएससी चेयरमैन संजय श्रोत्रिय ने भी बहुत गड़बड़ी की है। खूब कबाडे किए हैं। उन्होंने कहा कि आरएएस-2021 की मुख्य परीक्षा के पेपर लीक में शिवसिंह राठौड़ और मुख्य परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच प्राइवेट लोगों के हाथों में देकर भ्रष्टाचार करने में RPSC के वर्तमान अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय की भूमिका है। डॉ. मीणा ने बताया कि कांस्टेबल भर्ती मामले में हुई धांधली को लेकर कोर्ट ने मोहन पोसवाल से पूछा था कि उन्हें जानकारी कहां से मिली। इस पर मोहन ने कहा कि उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप आया था। कोर्ट ने पूछा कि क्या उन्होंने अपना मोबाइल जब्त किया तो पोसवाल ने मना कर दिया कि जब्त नहीं किया। कोर्ट ने पूछा कि सूचना किसने दी। पोसवाल ने कहा कि उन्हें यह जानकारी उदयराम ने दी।

## जरूरी खबर

### सेवा निवृत्त बैंकर्स ने किया बिलाला का सम्मान



**जयपुर।** आचार्य पदारोहण शताब्दी महोत्सव वर्ष के अन्तर्गत समाज सेवा के लिए सेवा निवृत्त वरिष्ठ बैंक अधिकारी पदम जैन बिलाला को आचार्य वसुनंदी के पावन सानिध्य में फिरोजाबाद में आचार्य शान्तिसागर राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए स्वरूप सेंट्रल बैंक रिटायर्ड ऑफिसर्स के राष्ट्रीय महामंत्री एनके पारीक, प्रांतीय संयुक्त महासचिव बीएस राठौड़, मनोज शर्मा, कोषाध्यक्ष ललित शर्मा ने तिलक, माला शॉल दुपट्टा व साफा बंधवाकर बिलाला का अभिनंदन किया। इस अवसर पर बैंक के पूर्व महा प्रबंधक सीता राम खटीक, रमेश चांदवानी, केके तलवार, शिवा नंद शर्मा, एनके खंडेलवाल व विमल पाटनी उपस्थित रहे।

### 2 ट्रक सामान जब्त, 17 हजार रु. कैरिंग चार्ज वसूला

**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम की सतर्कता शाखा ने बुधवार को अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो ट्रक सामान जब्त कर 17000 रुपए वसूले। हेरिटेज निगम के सतर्कता उपायुक्त पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सतर्कता शाखा की ओर से अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। सतर्कता शाखा टीम ने बुधवार को जोहरी बाजार, सांगानेरी गेट, मामा की होटल, गोल मार्केट, सांगानेरी गेट, गोविंद मार्ग, सहदेव मार्ग, युधिष्ठिर मार्ग, तिलक मार्ग के मध्य से अस्थाई अतिक्रमण को हटा दिया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक बैद्यनाथ कौशिक के नेतृत्व में दस्ते ने दो ट्रक सामान जब्त किया, साथ ही 17 हजार रुपए का चालान वसूल किया है।

उप मुख्यमंत्री बैरवा ने हरी झंडी दिखाई, समाधान पोर्टल का लोकार्पण

# राजधानी में चलीं BS-6 बसें...पैनिक बटन और हर सीट पर चार्जर

**बेधड़क** | जयपुर



राजधानी में बुधवार से नई बीएस-6 बसें चलने लगी हैं। इनकी खासियत यह है कि इनमें महिलाओं की सुरक्षा के लिए पैनिक बटन है। इसके साथ ही हर सीट पर मोबाइल चार्जर भी लगा हुआ है। ऐसी 5 बसों को रोडवेज मुख्यालय से उप मुख्यमंत्री व परिवहन और सड़क सुरक्षा विभाग मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बुधवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मंत्री ने यात्रियों की शिकायतों के तुरंत समाधान के लिए तैयार किए गए समाधान पोर्टल का भी लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से आमजन को बेहतर परिवहन व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए रोडवेज बेड़े में नई बसों को शामिल किया गया है। बजट घोषणा में 1650 कार्मिकों की भर्ती और 1300 नई बस शामिल करने की घोषणा मुख्यमंत्री के आमजन को सुरक्षित और सुगम परिवहन की मुहैया कराने की दृढ़ इच्छा शक्ति को दर्शाती है। उन्होंने बताया- बेड़े में शामिल बसें नवीनतम प्रदूषण नियंत्रण मानक युक्त बीएस-6 श्रेणी की है। बस का निर्माण नवीनतम बस बॉडी कोड एआईएस-052 अनुसार करवाया गया हैं। बस वीटीएस (व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम) और महिला सुरक्षा के लिए पैनिक बटन जैसी अत्याधुनिक तकनीकों से लैस है। इसके अलावा हर सीट पर मोबाइल चार्जर सॉकेट लगाए गए हैं।

### यात्रियों की सुविधा के लिए पोर्टल

उप मुख्यमंत्री ने यात्रियों की शिकायतों के तुरंत समाधान के लिए निगम की आईटी शाखा की ओर से तैयार समाधान पोर्टल का भी लोकार्पण किया। विभागीय वेबसाइट https://transport.rajasthan.gov.in/rsrtc पर उपलब्ध पोर्टल के माध्यम से टिकट धारक अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इससे दर्ज शिकायतों पर सक्षम स्तर से होने वाली कार्यवाही में पारदर्शिता आएगी। शिकायतकर्ता शिकायत की वर्तमान स्थिति स्वयं के स्तर पर देखने में सक्षम होंगे।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर परिवहन और सड़क सुरक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव और रोडवेज अध्यक्ष श्रेया गुहा, परिवहन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा, रोडवेज की कार्यकारी निदेशक (यातायात) डॉ. ज्योति चौहान, कार्यकारी निदेशक (प्रशासन) अनीता मीना, कार्यकारी निदेशक (यांत्रिक) रवि सोनी सहित निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पोर्टल पर इन समस्याओं की कर सकेंगे शिकायत

समाधान पोर्टल पर यात्री निर्धारित बस स्टोपेज पर बस को नहीं रोकने, बस को बाइपास से ले जाने, बस एवं बस स्टैण्ड पर उचित साफ-सफाई नहीं होने, बुकिंग क्लर्क द्वारा यात्री को सही सूचना उपलब्ध नहीं कराने, आरएफआईडी स्मार्ट कार्ड से रियायत नहीं देने या चालक/परिचालक द्वारा अच्छा व्यवहार नहीं करने की शिकायत दर्ज करा सकेंगे। इसके साथ ही परिचालक द्वारा टिकट नहीं देने, ऑनलाइन भुगतान के पश्चात टिकट जारी नहीं होने, टिकट रिफण्ड राशि की जानकारी करने या आगार द्वारा बिना सूचना के बस निरस्त कर देने की भी शिकायत की जा सकेगी।

क्राइम ब्रांच हुई अलर्ट, 8 बदमाशों के खिलाफ जारी कराया नोटिस

# भगौड़े गैंगस्टरों पर वार का 'हथियार' रेड कॉर्नर नोटिस

**बेधड़क** | जयपुर



प्रदेश में गैंगवार और हत्या की घटनाओं को अंजाम देकर विदेश में बैठे भगौड़े गैंगस्टरों को पकड़ने के लिए अब पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच के अधिकारी रेड कॉर्नर नोटिस का सहारा लेंगे। एंटी गैंगस्टर टास्क फॉर्स (एजीटीएफ) विदेश में बैठे बदमाशों की मुखबिरों के जरिए विदेश की पुलिस के मार्फत निगरानी करके गिरफ्तार कराएगी। इस संबंध में क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने इंटरपोल, सीबीआई व चार अलग-अलग देशों की पुलिस का सहयोग ले रही है। दरअसल पुलिस ने विदेश से लॉरेंस गैंग को ऑपरेट करके फिरौती और गैंगवार की घटनाओं को अंजाम देने वाले आठ बदमाशों को भारत लाने के लिए रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवा रखा है।

### अमरजीत बिश्नोई पर भी जारी किया गया था नोटिस

हाल ही में इटली पुलिस की गिरफ्त में आए रोहित गोदारा के गुर्गे अमरजीत बिश्नोई पर भी पुलिस ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी करा रखा था। क्राइम ब्रांच की एजीटीएफ को आरोपी अमरजीत के इटली में होने की भनक लगी थी। सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में एजीटीएफ के कुछ पुलिसकर्मी भी इटली गए थे और आरोपी का सत्यापन किया था। इसके बाद में इंटरपोल व सीबीआई के मार्फत एजीटीएफ ने समन्वय करके आरोपी अमरजीत को इटली पुलिस से गिरफ्तार कराया था।

### विदेश में गैंगस्टर्स के गुर्गों को मिल रही पनाह

सिद्दू मूसेवाला हत्याकांड के तार भी राजस्थान से जुड़े थे। इस हत्याकांड को कनाडा में छिपे बैठे गैंगस्टर गोल्डी बरार और दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के कहने पर अंजाम दिया गया। राजस्थान के बदमाशों ने ना केवल गाड़ी मुहैया कराई बल्कि शूटर भी पंजाब भेजे थे। सिद्दू मूसेवाला हत्याकांड को अंजाम देने वाले एक बदमाश को अजमेर से और एक को जयपुर से गिरफ्तार कर पंजाब पुलिस अपने साथ ले गई थी। गोल्डी बरार, लॉरेंस का भाई अनमोल बिश्नोई और गैंग के लिए फिरौती मांगने वाला रोहित गोदारा विदेश में है, जो अभी भी गैंगवार की वारदातों को विदेश में बैठकर अंजाम दे रहे है। आनंदपाल की बेटी भी विदेश में फरारी काट रही है।

कार डीलर्स ने धरना देकर दी आंदोलन की चेतावनी

# पुरानी कारों के टैक्स में राहत दें... बढ़ाएं नहीं, पुराना रहने दें




**बेधड़क** | जयपुर

अन्य राज्यों की पुरानी कारों के ट्रांसफर और दोबारा रजिस्ट्रेशन शुल्क में टैक्स बढ़ोतरी के विरोध में प्रदेशभर के कार डीलर्स ने बुधवार को कलेक्ट्री सर्किल पर प्रदर्शन कर धरना दिया। ऑल राजस्थान वाहन व्यापार संगठन (पुरानी कारें) ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन देकर टैक्स में राहत की मांग की है। जयपुर में धरना स्थल पर प्रदेश स्तरीय सैकड़ों डीलर्स ने एक स्वर में कहा कि पुराने टैक्स को यथावत रखा जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि आगामी 15 दिन में राज्य सरकार ने सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद संगठन के शिष्टमंडल ने शासन सचिवालय में मुख्य सचिव सुधांशु पंत को ज्ञापन सौंपा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम दिए ज्ञापन में सरकार को चेतावनी दी है कि अब तक पुरानी कारों के रजिस्ट्रेशन कार्य बंद कर ही रखा है, मगर आगामी दिनों में समस्त जिला परिवहन व क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों का घेराव किया जाएगा। इस आंदोलन में प्रदेशभर के यातायात सलाहकार भी समर्थन करेंगे। जयपुर वाहन व्यापार समिति के अध्यक्ष अजय भाटिया ने बताया कि अन्य राज्यों से खरीदी गई गाड़ियों का राजस्थान में रजिस्ट्रेशन करवाने पर वन टाइम टैक्स, ग्रीन टैक्स के रूप में देश के अन्य राज्यों की तुलना में सर्वाधिक पहले ही था, मगर अब इस बजट में यह टैक्स तीन गुना कर दिया गया है। ऐसा होने से औसतन एक पुरानी गाड़ी के रजिस्ट्रेशन शुल्क में बेहताशा बढ़ोतरी हो गई है। प्रदेश में अन्य राज्यों से खरीदी गई लगभग 300 कारों का प्रतिदिन रजिस्ट्रेशन होता है, जिससे करीब अढ़ाई करोड़ रुपए राज्य सरकार को टैक्स के रूप में राजस्व प्राप्त होता है, यानी महीने में करीब 50 करोड़ रुपए टैक्स प्राप्त होता है। अब नए बजट में टैक्स में बढ़ोतरी करने के निर्णय से प्रदेश के 30 हजार कार डीलर्स प्रभावित होंगे। इस प्रदर्शन में जयपुर वाहन व्यापार समिति के अध्यक्ष अजय भाटिया, महेश गुप्ता, कपिल कालरा सहित सैकड़ों कार डीलर्स शामिल हुए।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


### सफाई कर्मचारी हड़ताल पर



*जयपुर। सफाई कर्मचारी की भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने की मांग को लेकर बुधवार को प्रदेशभर के सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल शुरू कर दी है। संयुक्त वाल्मिकी एवं सफाई श्रमिक संघ के पधाधिकारियों ने कहा कि अगर सरकार ने हमारी मांग को जल्द पूरा नहीं किया तो प्रदेशभर में वाल्मीकि समाज सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे।*

नगरीय निकाय में प्रशासनिक, वित्तीय निर्णय पर लेनी होगी खर्रा की सहमति

# अब मंत्री की मंजूरी बिना नहीं होगा ट्रांसफर

**बेधड़क** | जयपुर



प्रदेश के सभी नगरीय निकायों (यूआईटी, विकास प्राधिकरण और हाउसिंग बोर्ड, रेरा) में कोई भी प्रशासनिक या वित्तीय निर्णय नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा की सहमति के बना नहीं लिया जा सकेगा। खुद मंत्री ने बुधवार को इस संबंध में एक आदेश जारी किया है।

आदेश के अनुसार अब उनकी (यूडीएच मंत्री) मंजूरी के बिना एक भी कर्मचारी-अधिकारी का ट्रांसफर नहीं किया जा सकेगा। इतना ही नहीं अगर यूआईटी, विकास प्राधिकरण, हाउसिंग बोर्ड, रेरा ऑफिस में अगर कोई 20 लाख रुपए से ज्यादा का फर्नीचर या अन्य सामान भी खरीदा जाएगा तो उसके लिए मंत्री के पास फाइल भिजवानी होगी। वहीं, यूआईटी-विकास प्राधिकरण में कोई भी टेंडर जो 4 करोड़ रुपए से ऊपर का होगा। उस पर मंत्री की मंजूरी जरूरी होगी, जबकि 4 करोड़ रुपए या उससे छोटे के टेंडर की फाइल प्रमुख शासन सचिव यूडीएच के पास भिजवानी होगी। इस मामले में हाउसिंग बोर्ड में तो हर टेंडर की फाइल को मंत्री के स्तर पर मंजूरी के लिए भिजवाना होगा। इसी तरह कर्मचारियों के वेतन-भत्तों में बढ़ोतरी हो या बजट तैयार करना या अन्य कोई नीतिगत निर्णय करना हो तो उसके लिए मंत्री स्तर पर मंजूरी के लिए फाइल भिजवानी होगी। इसी तरह हाउसिंग बोर्ड व अन्य यूआईटी, विकास प्राधिकरण में अगर कोई दूसरे विभाग से अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर आता है या जो वर्तमान में कार्य कर रहा है उसकी समयावधि बढ़ानी है तो उसके लिए भी मंत्री के स्तर पर मंजूरी लेनी होगी।

हेरिटेज निगम का अभियान

# 'जंगलराज' को मिस कॉल... और लगाए जा रहे 10 पौधे

**बेधड़क** | जयपुर



हेरिटेज निगम के जंगलराज अभियान के तहत एक मिस्डकॉल पर शहर में दस पौधे लगाए जा रहे हैं। इस संबंध में हेरिटेज निगम की उद्यान शाखा उपायुक्त सरोज ढाका ने बताया कि जंगलराज अभियान हेरिटेज नगर निगम और 93.5 रेड एफएम के संयुक्त तत्वावधान में चलाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से सहयोग से पौधरोपण किया जा रहा है। जंगलराज अभियान के तहत ही रेड एफएम के सहयोग से मिस्डकॉल पर पौधरोपण कैम्पेन चलाया जा रहा है। इसमें 9587870935 नम्बर पर एक मिस्डकॉल करने पर 10 पौधे भी रोपे जा रहे हैं। वहीं, अब तक करीब 75 हजार से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। हेरिटेज निगम की ओर से आमजन को भी निशुल्क पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### दस दिन में आए 1200 से ज्यादा मिस्डकॉल

इस अभियान पर शहर भर से रेड एफएम के ऑफिस में 15 जुलाई के बाद से करीब 1200 से ज्यादा मिस्डकॉल आ चुके हैं। मिस्डकॉल करने पर हेरिटेज निगम सामाजिक संगठन और रेड एफएम के साथ मिलकर पौधारोपण का कार्य कर रही है। आमजन 9587870935 पर मिस्डकॉल कर पौधरोपण की इस मुहिम से जुड़ सकते हैं।

### आमेर महल में लगाए 300 पौधे

बता दें कि जंगलराज अभियान के तहत आमेर महल परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें हैरिटेज नगर निगम और रेड एफएम के संयुक्त अभियान में विभिन्न प्रकार के छायादार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर आमेर महल अधीक्षक राकेश छोलक, आई ग्रीन सोसायटी और ब्लू मंकी संस्था का भी सहयोग रहा। पौधरोपण कार्यक्रम में पीआईयू टीम, आरजे रविन्द्र और आरजे अर्जुन ने सभी को पौधरोपण के लिए प्रोत्साहित किया।

# उत्कृष्ट सेवाओं के लिए दिया जिला स्तरीय सम्मान

**बेधड़क** | जयपुर



मिनी स्वास्थ्य भवन सेठी कॉलोनी स्थित सीएमएचओ कार्यालय सभागार में विश्व जनसंख्या दिवस का जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह में परिवार कल्याण के क्षेत्र में जिले के सेवा प्रदाताओं को उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत तथा विशिष्ट अतिथि संयुक्त निदेशक जयपुर जोन डॉ. नरोत्तम शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने की। समारोह में परिवार कल्याण क्षेत्र में जयपुर प्रथम में जनाना अस्पताल को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए एक लाख तथा पंचायत समिति जमवारामगढ़ को रु दो लाख रुपए का पुरस्कार दिया गया। समारोह में आईपास डेवलपमेंट फाउंडेशन से रॉक्सी शर्मा द्वारा संस्था की तरफ से परिवार कल्याण में अच्छा कार्य करने पर आशाओं को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समारोह में जिले के जनप्रतिनिधि, बीसीएमओ, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक सहित एनजीओ के प्रतिनिधि अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

## जरूरी खबर

### केंद्रीय मंत्री ने किया शहीद की प्रतिमा का अनावरण



**बहरोड़।** अलवर के सांसद और केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव बुधवार को बहरोड़ के मांढण क्षेत्र के गांव नांगल मेहता पहुंचे। यहां उन्होंने सीआरपीएफ के शहीद रवींद्र कुमार यादव की प्रतिमा का अनावरण किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश हमारे जवानों की शहादत के कारण सुरक्षित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर ने की। बाजोर ने कहा कि शहीदों की शहादत को भुलाया नहीं जा सकता। भाजपा सरकार में शहीदों के घर-घर जाकर वीरांगनाओं का सम्मान किया गया।

### 24 लाख के गबन की जांच में जुटा विवि प्रशासन

**भरतपुर।** महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय की तिजोरी से 24.74 लाख रुपए पार होने के मामले में पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने के बाद अब विश्वविद्यालय ने अपने स्तर पर भी जांच शुरू कर दी है, वहीं कैशियर बिजेंद्र सिंह ने भी तिजोरी से पैसे का गबन करना लिखित में स्वीकार कर लिया है। आशंका जताई जा रही है कि कैशियर ने यह पैसा दहेज हत्या के मामले में फंसे बेटे को बचाने के लिए काम में लिया है। कुलपति प्रोफेसर रमेश चंद्र ने बताया कि गबन के मामले की जांच विश्वविद्यालय स्तर पर शुरू कर दी गई है, जल्द ही इसकी रिपोर्ट भी सामने आ जाएगी।

### गुरु वंदन एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम संपन्न



**शाहपुरा।** प्रतापसिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय, शाहपुरा में बुधवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान के बैनर तले गुरु वंदन एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजस्थान के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम ने विद्यार्थियों को पाथेय प्रदान करते हुए बताया कि भारत को भारतीय मान्यताओं के आधार पर समझना होगा। हमें प्राचीन भारतीय सनातन परंपराओं पर गर्व करना होगा तथा वसुधैव कुटुंबकम् का भाव रखते हुए राष्ट्रधर्म का पालन करना होगा। हमें अपने प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर तक्षशिला, नालंदा और विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालयों का पुनरूत्थान करना होगा।

## एसीबी का एक्शन: परिवहन निरीक्षक के घर और लॉकर की ली तलाशी

# अवैध वसूली से बना 'धनकुबेर'... लॉकर में लाखों का गोल्ड

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा-अजमेर हाईवे पर अवैध वसूली की शिकायत पर हिरासत में लिए गए परिवहन निरीक्षक के बैंक खातों को एसीबी की टीम ने खंगाला।

करीब चार घंटे तक रायला गांव में एसबीआई बैंक की शाखा पर एसीबी भीलवाड़ा की टीम ने परिवहन निरीक्षक महेश पारीक व परिजनों को खातों की जांच की। इस दौरान बैंक लॉकर से 586 ग्राम सोना और 100 ग्राम चांदी मिली।

एसीबी ने इसकी वैल्यू 37 लाख 5 हजार रुपए आंकी है। रायला भीलवाड़ा की एसीबी टीम परिवहन इंस्पेक्टर महेश पारीक के पैतृक गांव



रायला में पहुंची। एसीबी सीआई कल्पना, एसआई गोपाल जोशी, प्रहलाद पारीक व रामपाल साहू ने परिवहन निरीक्षक महेश पारीक की पत्नी अंशु पारीक की भारतीय स्टेट बैंक रायला के खाते की जानकारी ली। एसीबी की टीम ने बैंक लॉकर की भी जांच की। लॉकर में सोना-चांदी आभूषण मिले। एसीबी ने डीटीओ इंस्पेक्टर महेश की पत्नी अंशु पारीक का लॉकर में 586 ग्राम सोना व 100 ग्राम चांदी के आभूषण मिले है, जिनकी अनुमानित लागत 37 लाख 45 हजार रुपए आंकी गई है।बैंक में सभी सामान को रखकर लॉकर की चाबी पत्नी को सौंप दी गई।

एसीबी टीम ने निरीक्षक महेश पारीक के सांगानेर रोड स्थित घर की तलाशी भी ली गई, जहां कुछ खास नहीं मिला। पारीक की पत्नी के नाम का रायला एसबीआई में बैंक लॉकर होने का पता चला। इसके बाद बुधवार को एसीबी की टीम रायला बैंक पहुंची और एसबीआई में पत्नी अंशु पारीक के लॉकर को खंगाला।

### ACB ने जब्त किए थे 1,47,000 रुपए

चित्तौड़गढ़ हाईवे पर हजारीखेड़ा स्थित परिवहन विभाग के चेकपोस्ट पर हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालकों से अवैध वसूली की एसीबी मुख्यालय को शिकायत मिली थी। इसके बाद महानिदेशक एसीबी के निर्देश पर एक टीम बीते दिवस भीलवाड़ा बाईपास स्थित हजारी खेड़ा पहुंची, जहां पर परिवहन निरीक्षक महेश पारीक व पांच संविदाकर्मी वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। एसीबी ने आकस्मिक चैकिंग के तहत इंस्पेक्टर सहित 5 संविदाकर्मियों को डिटेन किया। हिरासत में लिए गए लोगों और वाहन की तलाशी में 1 लाख 47 हजार 440 रुपए की राशि मिली थी, जिसे जब्त कर लिया गया है।

## बहुचर्चित एनकाउंटर केस में 7 पुलिसकर्मियों पर चलेगा केस

# आनंदपाल एनकाउंटर केस में CBI की क्लोजर रिपोर्ट खारिज

**बेधड़क** | जोधपुर

बहुचर्चित आनंदपाल एनकाउंटर मामले में सीबीआई की ओर से पेश क्लोजर रिपोर्ट को एसीजेएम कोर्ट ने अस्वीकार कर दिया है। साथ ही एनकाउंटर में शामिल 7 पुलिसकर्मियों के खिलाफ धारा 302 के तहत केस चलाने और जांच के आदेश दिए हैं।

कोर्ट ने तत्कालीन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ प्रसंज्ञान लिया, जिसमें तत्कालीन चूरू एसपी राहुल बारहट, तत्कालीन एडिशनल एसपी विद्या प्रकाश चौधरी, डीएसपी सूर्यवीर सिंह राठौड़, हेड कांस्टेबल कैलाश सहित 7 पुलिसकर्मियों को हत्या की धारा में प्रसंज्ञान लिया है।

आनंदपाल के वकील भंवर सिंह राठौड़ ने बताया कि आनंदपाल को उस दिन श्रवण सिंह के घर मालासर में 200 पुलिस अधिकारियों ने घेर लिया था। छत के ऊपर आनंदपाल छुपा हुआ था। पुलिस की टीम ऊपर जाने में असफल हो रही थी। पुलिस अधिकारियों ने उसके भाई



### रिपोर्ट में बताया नजदीकी से मारी गई गोलियां

अदालत के सामने जब क्लोजर रिपोर्ट आई, लेकिन मौका नक्शा पेश नहीं किया था। इसको लेकर भी दोबारा कोर्ट ने आदेश दिए थे। जब मौका नक्शा कोर्ट में पेश किया गया, तब आनंदपाल की पत्नी के वकील भंवर सिंह राठौड़ ने कोर्ट को बताया कि आई विटनेस के बयान और डॉक्टरों की रिपोर्ट के अनुसार करीब 3 से 5 फुट के करीब से आनंदपाल पर नजदीक से गोलियां चली थी। उसके शरीर पर मारपीट के चोटों के भी निशान थे, जो डॉक्टरी रिपोर्ट में भी है। इन दलीलों के बाद में कोर्ट ने प्रसंज्ञान लेते हुए एनकाउंटर में शामिल टीम के खिलाफ केस चलाने का आदेश दिया। इस मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर 2024 को रखी गई है।

रूपेंद्र सिंह से रिक्वेस्ट की कि तुम आगे चलो, क्योंकि हम ऊपर जा नहीं सकते और तुम अपने भाई आनंदपाल को सरेंडर करवा दो। हम उसे मारेंगे नहीं। इसके बाद रूपेंद्र पाल सिंह आगे रवाना हो गया।

पुलिस अधिकारी उसके पीछे छत तक पहुंचे। वकील भंवर सिंह ने कहा कि छत पर जाते ही आनंदपाल ने सरेंडर कर दिया। तुरंत पुलिस अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया और छत पर ही उसकी पिटाई की। राठौड़ ने कोर्ट में बताया कि कैलाश, सूर्यवीर सिंह व विद्या प्रकाश ने सबसे पहले आनंदपाल को गोली मारी और झूठी क्लोजर रिपोर्ट कोर्ट में पेश की, जिसे हमने चैलेंज किया था।

### यह था मामला

अजमेर की जेल से डीडवाना पेशी से वापस आते समय 3 सितंबर, 2015 को परबतसर के पास पुलिसकर्मियों को नशीली मिठाई खिलाकर आनंदपाल भागा था। इस दौरान पुलिस से मुठभेड़ हुई, जिसमें पुलिसकर्मी भी मारे गए थे। दो साल तक पुलिस आनंदपाल का पता नहीं लगा पाई। 24 जून, 2017 को चूरू के मालासर गांव में उसके होने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने अमावस्या की रात को उसका एनकाउंटर कर दिया था। इसको लेकर आनंदपाल के परिजनों की ओर से मामला दर्ज किया गया था। वर्तमान में यह मामला ACJM सीबीआई कोर्ट में चल रहा है, जिसमें सीबीआई की ओर से पेश की गई क्लोजर रिपोर्ट को कोर्ट ने स्वीकार नहीं किया। ऐसे में अब तत्कालीन पुलिस अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

## पूछताछ में नहीं दे पाया संतुष्टपूर्ण जवाब

# गर्लफ्रेंड को इंप्रेस करने के लिए बना फर्जी DSP अरेस्ट



**बेधड़क** | झुंझुनूं

पुलिस ने एक फर्जी डीएसपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपनी गर्लफ्रेंड को इंप्रेस करने के लिए डीएसपी बनकर घूम रहा था। पुलिस ने बताया कि जब आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके बैग से वर्दी मिली। पूछताछ करने पर वह संतुष्ट जवाब नहीं दे पाया तो उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

इस मामले पर एएसआई मुलायम सिंह ने बताया कि कोतवाली थाने के हेड कांस्टेबल धर्मपाल को सूचना मिली थी कि एक युवक फर्जी डीएसपी बनकर घूम रहा है। जब वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो बाइक के साथ खड़ा था। शख्स से बाइक के कागजात दिखाने को कहा तो उसके पास नहीं थे और बाइक भी बिना नंबर के थी। बाइक के आगे और पीछे पुलिस लिखा स्टीकर लगा था।

तलाशी लेने पर उसके पास वर्दी मिली, वर्दी के साथ नेम प्लेट में युवक का नाम लिखा था। फिर पुलिस ने बाकरा निवासी निशांत को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही वर्दी और उसकी बाइक को भी जब्त कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी युवक ने बताया कि वह अपनी गर्लफ्रेंड पर रुतबा जमाने के लिए यह ड्रेस सिलवाई। अब पुलिस गहनता से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसने वर्दी का दुरुपयोग कहां-कहां किया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी राजेंद्र इंदिरा नगर में एक पार्क के पास बाइक लिए किसी का इंतजार कर रहा था। बाइक पर पुलिस का स्टिकर व बत्ती लगी देखकर किसी ने पुलिस को सूचना दी। जब उससे पूछताछ की गई तो वह कई सवालों के सही जवाब नहीं दे पाया।

### पहन रखे थे काले रंग के जूते

आरोपी निशांत को पुलिस के नियम पता नहीं थे। साथ ही उसने काले रंग के जूते पहन हुए थे, जबकि अधिकारी लेवल के जूते लाल रंग के होते हैं। वर्दी पर थ्री स्टार लगा रखा था। बाइक पर भी पुलिस का स्टिकर लगाया हुआ था। इसके कारण पुलिस को उस पर शक हुआ और उसे गिरफ्तार कर लिया।

## विधानसभा में मुद्दा उठने के बाद प्राधिकरण की टीम पहुंची जीबीएच हॉस्पिटल

# विरोध के बीच कुछ अवैध निर्माण किए सीज

**बेधड़क** | उदयपुर

विधानसभा में उदयपुर के जीबीएच हॉस्पिटल में अवैध निर्माण का मुद्दा उठने के बाद बुधवार को उदयपुर विकास प्राधिकरण की टीम सीज की कार्रवाई करने पहुंची। टीम जब बेड़वास के अमरीकर इंटरनेशनल हेल्थ मैनेजमेंट लि. के बने जीबीएच हॉस्पिटल पहुंची तो स्टाफ और मेडिकल स्टूडेंट ने विरोध शुरू कर दिया।

इधर, इस कार्रवाई से नाराज हॉस्पिटल प्रशासन ने उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। हॉस्पिटल प्रशासन का आरोप है कि विधायक मीणा के रिश्तेदार यहां वसूली करते हैं। उन्हें कोविड



के समय से परेशान किया जा रहा है। टीम जब जनरल हॉस्पिटल की बिल्डिंग के हिस्से को सीज करने पहुंची तो चेतावनी देते हुए कहा गया कि यदि इसे सीज किया तो स्टाफ मरीजों को छोड़कर बाहर आ जाएगा और इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। मौके पर उदयपुर विकास प्राधिकरण के तहसीलदार डॉ. अभिनव शर्मा, डिप्टी छगन पुरोहित सहित कई थानों के थानाधिकारी मौजूद है। इस दौरान वहां कई बार पुलिस और जमा लोग आमने-सामने हो गए। वहां जमा लोग टीम को जनरल अस्पताल के अंदर नहीं जाने देने पर अड़ गए। उदयपुर विकास प्राधिकरण की टीम कैंपस में जब जनरल हॉस्पिटल के अंदर का कुछ भाग सीज करने करने पहुंची तो हॉस्पिटल स्टाफ और स्टूडेंट ने अंदर नहीं जाने दिया। स्टाफ ने चेतावनी दी कि वे सभी मरीजों को छोड़कर आ जाएंगे। इसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। बताया जा रहा है कि अभी वहां करीब 650 मरीज भर्ती है। इसके अलावा यहां 2500 का स्टाफ है। हॉस्पिटल के स्टाफ ने प्रशासन को चेताया कि वे आईसीयू से लेकर सभी वार्ड में भर्ती मरीजों को छोड़कर बाहर आ जाएंगे और इलाज नहीं करेंगे। मरीजों की बात आने के बाद यूडीए की टीम वहां पर जनरल अस्पताल में सीज की कार्रवाई नहीं कर पाई। टीम में शामिल तहसीलदार डा. अभिनव शर्मा ने यूडीए कमिश्नर राहुल जैन से फोन पर चर्चा कर पूरी स्थिति से अवगत कराया।

### ट्रेन की टक्कर से छात्र की मौत

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

जिले के शंभूपुरा थाना क्षेत्र में अरनिया पंथ रेलवे फाटक के यहां ट्रेन की टक्कर से स्कूली छात्र की मौत हो गई। हादसे के दौरान रेलवे फाटक बंद था। छात्र तेजपाल (17) पुत्र शंभूलाल डांगी कान में ईयर फोन लगा कर फाटक पार कर रहा था। इसी दौरान ट्रेन की टक्कर से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर रेलवे थाना पुलिस चित्तौड़गढ़, शंभूपुरा थाना पुलिस और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची। रेलवे थानाधिकारी भगवान सिंह ने बताया कि परिजनों की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

# कोटा में 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**बेधड़क** | कोटा

कोटा में वांछित 50 हजार रुपए का इनामी कुख्यात अपराधी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस अधीक्षक शहर डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि गत 30 मई को दादाबाड़ी निवासी एक कारोबारी ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई कि एक कुख्यात बदमाश असलम शेर खान उर्फ चिंटू ने अपने साथियों के साथ उसका अपहरण कर लिया और रावतभाटा रोड पर ले जाकर मारपीट की और रिवाल्वर दिखाकर हर महीने डेढ़ लाख रुपए की बंदी मांगी। बाद में उसे छोड़कर फरार हो गए।

## पॉक्सो कोर्ट का तीन केस में फैसला

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा

**बेधड़क** | झालावाड़

पॉक्सो कोर्ट के विशिष्ट न्यायाधीश विनोद कुमार गिरी ने 13 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में कड़ा फैसला सुनाते हुए आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी पर 51 हजार का आर्थिक दंड भी लगाया गया है।

जज ने पीड़िता को राहत देते हुए पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत 6 लाख की अनुदान राशि देने की अनुशंसा की है। पॉक्सो कोर्ट के लोक अभियोजक रामहेतार गुर्जर ने बताया कि झालावाड़ के पनवाड़ थाना क्षेत्र में पीड़िता की मां ने शिकायत दर्ज कर बताया था कि मध्यप्रदेश थाना धरनावद निवासी खुशीलाल उसकी बेटी को बहला



फुसलाकर उसके खेत पर ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। बाद में आरोपी उसकी बेटी को घर पर छोड़कर फरार हो गया, इधर पीड़िता के घर पर पहुंचने पर पूरे घटनाक्रम का पता चला। लोक अभियोजक ने बताया कि शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी। अगले ही दिन आरोपी खुशीलाल को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। तभी से ही आरोपी जिला कारागृह में बंद था। न्यायालय में चले ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 14 गवाह एवं 29 दस्तावेज पेश किए। उनको आधार मानकर पॉक्सो कोर्ट के विशिष्ट न्यायाधीश विनोद कुमार गिरी ने आरोपी खुशीलाल को 20 साल के कठोर कारावास की सजा एवं 51000 के आर्थिक दंड से दंडित किया।

### रेप केस में रिश्ते में लगने वाले भाई को 20 साल की कैद

**अजमेर।** अजमेर जिले की पॉक्सो कोर्ट-2 ने एक अहम फैसला देते हुए 17 साल की नाबालिग से रेप के आरोपित रिश्ते में भाई को 20 साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही 60 हजार का जुर्माना भी लगाया। जज ने टिप्पणी करते हुए कहा कि नाबालिग के साथ बढ़ते अपराध को देखते हुए आरोपी के प्रति नरमी बरतना उचित नहीं है। पॉक्सो कोर्ट 2 के विशिष्ट लोक अभियोजक विक्रम सिंह शेखावत ने बताया कि 2 मार्च 2023 को गंज थाने में 17 साल की पीड़िता की मां ने मामला दर्ज करवाया था। आरोपी पीड़िता को बहला-फुसलाकर अपने साथ अहमदाबाद ले गया था, जहां रेप किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर 22 मार्च 2023 को अहमदाबाद से पीड़िता को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। शेखावत ने बताया कि पॉक्सो कोर्ट 2 में सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से 18 गवाह और 22




दस्तावेज पेश किए गए। जज ने एफएसएल और डीएनए रिपोर्ट के आधार पर पीड़िता के रिश्ते में लगने वाले भाई को 20 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 60 हजार का जुर्माना भी लगाया है। जज ने मामले में टिप्पणी करते हुए कहा कि नाबालिग के साथ बढ़ते अपराध को देखते हुए आरोपी के प्रति नरमी बरतना उचित नहीं है।

### नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को बीस साल की सजा

**जयपुर।** जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त राकेश कुमार को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 1.76 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अभियुक्त का सहयोग करने वाले युवक कमलेश कुमार को पांच साल की सजा और 75 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि 29 फरवरी, 2020 को पीड़िता के पिता ने विराट नगर थाने में दर्ज में कहा गया था कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री 24 फरवरी की रात घर से गायब हो गई।

## दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की जयपुर शाखा में बजट 2024-25 पर सेमिनार का आयोजन

# वित्तीय प्रावधानों और नीतिगत बदलावों पर की गहन चर्चा

**बेधड़क** | जयपुर

दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की जयपुर शाखा की ओर से सीए सदस्यों के लिए हॉल ही में पेश हुए पूर्णकालीन बजट के विश्लेषण पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन ब्रांच में किया गया।

रीजनल काउंसिल मेंबर सीए अनिल कुमार यादव ने बताया कि इस सेमिनार का उद्देश्य सीए सदस्यो को बजट 2024-25 की व्यापक समझ प्रदान करना है, जिससे वे इसकी नीतियों और प्रभावों के बारे में जागरूक हो सकें और इसका लाभ उठा सकें। जयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए नवीन शर्मा और सचिव सीए विजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस सेमिनार के द्वारा बजट के महत्वपूर्ण बिंदुओं को समझना और उनके विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों पर प्रभाव की चर्चा करना था। इस सेमिनार के माध्यम से सीए सदस्यों को बजट की राजस्व और व्यय योजना, नीतिगत परिवर्तन, और वित्तीय प्रावधानों की विस्तृत समीक्षा करने का एक अवसर मिला, जिससे कि सभी सदस्यो को एक स्पष्ट और संपूर्ण दृष्टिकोण प्राप्त हो सके।

### डायरेक्ट टैक्स पर प्रभाव और चुनौतियों की समीक्षा

वक्ता संजय झंवर, सीनियर एडवोकेट ने सेमिनार में डायरेक्ट टैक्स के विभिन्न पहलुओं को विश्लेषित करते हुए बजट में किए गए प्रमुख प्रस्तावों और नीतिगत परिवर्तनों की समीक्षा की। उन्होंने आयकर, फर्म के पारिश्रमिक में बदलाव, व्यक्तिगत करदाताओं के लिए किए गए प्रस्तावित परिवर्तनों, टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स (टीडीएस), टैक्स कलेक्टेड ऐट सोर्स (टीसीएस), कैपिटल गेन पर विशेष ध्यान दिया और अन्य प्रत्यक्ष कर नीतियों के सुधारों पर प्रकाश डाला। अपने विश्लेषण में, उन्होंने डायरेक्ट टैक्स के प्रभाव, इसके सुधारात्मक कदम, और संभावित चुनौतियों की समीक्षा की। साथ ही, उन्होंने इन बदलावों के दीर्घकालिक आर्थिक प्रभावों और कराधान के क्षेत्र में संभावित सुधारों पर भी विचार प्रस्तुत किए। उनके विचारों और विश्लेषण ने सेमिनार में महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रदान किया और सदस्यों को डायरेक्ट टैक्स की जटिलताओं को बेहतर तरीके से समझने में मदद की।




### इनडायरेक्ट टैक्स पर भी मंथन

अन्य वक्ता एडवोकेट एवं सीए राहुल लखवानी ने सेमिनार में इनडायरेक्ट टैक्स पर गहन मंथन किया। उन्होंने बजट 2024-25 में इनडायरेक्ट टैक्स से संबंधित प्रमुख प्रावधानों और बदलावों का विश्लेषण किया। उन्होंने ने कस्टम ड्यूटी, जीएसटी और अन्य अप्रत्यक्ष करों के प्रस्तावित संशोधनों पर खुलकर चर्चा की। कस्टम ड्यूटी के क्षेत्र में किए गए सुधारों का विवरण प्रस्तुत किया, इसके अलावा उन्होंने इनडायरेक्ट टैक्स के क्षेत्र में लागू होने वाली नई नीतियों के संभावित प्रभावों और चुनौतियों पर भी गहन विचार प्रस्तुत किया जिससे प्रतिभागियों को इनडायरेक्ट टैक्स की जटिलताओं और सुधारों की स्पष्ट समझ प्राप्त हुई । अंत में एक ओपन हाउस सेशन भी रखा गया। जिसमें सीए सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नो और जिज्ञासाओं का संतोषपूर्वक जवाब दिया ।

## Yuva स्टोरीज

# एक अगस्त से शिक्षक जागृति यात्रा होगी शुरू



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) की ओर से अपने 25 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर आगामी 12 सितंबर को शिक्षक एक विशाल रैली निकालकर सिविल लाइन्स फाटक पर प्रदर्शन होगा। संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक एवं मुख्य महामंत्री नवीन कुमार शर्मा ने बताया कि इससे पूर्व प्रथम चरण में गत 8 जुलाई को जिला कलेक्टर कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया था। साथ ही दूसरे चरण में 15 जुलाई से विधानसभा क्षेत्र में जन प्रतिनिधियों एवं विधायकों को भी मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन 5 अगस्त तक दिए जाएंगे। वहीं तीसरे चरण में 1 से 31 अगस्त तक प्रत्येक जिले में शिक्षक जागृति यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी संगठन के मुख्य संरक्षक एवं प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा, संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक एवं मुख्य महामंत्री नवीन कुमार शर्मा, संघर्ष समिति के सचिव प्रदेश महामंत्री रामदयाल मीणा, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सदस्य संघर्ष समिति बृजभूषण शर्मा ने मीडिया के सामने रखी। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष सदस्य संघर्ष समिति विजय कुमार शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र पारीक एवं मुकेश मीणा, बृजेश कुमार, पुष्प भूषण शर्मा जिला मंत्री, विजय कुमार विजय, दुलीचंद शर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

राजस्थान संघर्ष समिति के सचिव एवं प्रदेश महामंत्री रामदयाल मीणा ने बताया कि मांग पत्र में राजस्थान के सभी संवर्ग के शिक्षकों को केंद्र समान वेतनमान, तृतीय श्रेणी शिक्षकों का स्थानांतरण, अध्यापक से वरिष्ठ अध्यापक, वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता की गत चार सत्रों की बकाया पदोन्नति की जाए, पुरानी पैंशन को यथावत रखा जाए। इसके अलावा सभी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में हिन्दी, अंग्रेजी विषय के व्याख्याता का पद स्वीकृत वित्तीय स्वीकृति जारी करने और ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत सभी शिक्षकों को मूल वेतन का 10 प्रतिशत ग्रामीण भत्ता दिए जाने, रविवार को पूर्ण अवकाश दिए जाने आदि प्रमुख मांगें शामिल है। प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र पारीक एवं मुकेश मीणा ने बताया कि शिक्षक जागृति यात्रा में पांच दल बनाए जाएंगे। जिनके नेतृत्व में जिलों में जागृति यात्रा निकाली जाएगी।

# गहलोत सरकार को भुगतना पड़ा था खामियाजा : जाखड़

**जयपुर**। छात्रसंघ चुनाव नहीं कराए जाने का खामियाजा कांग्रेस सरकार को भुगतान पड़ा था। यही वजह है कि आज विपक्ष में बैठे हैं। ये कहना है एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ का। बुधवार को एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष पद पर शपथ ग्रहण करने से पहले पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने छात्र संघ चुनाव कराए जाने की मांग उठाते हुए ये बात कही। साथ ही कहा कि एनएसयूआई ने उस वक्त अपनी सरकार का भी विरोध किया था और यदि आज बीजेपी सरकार छात्रसंघ चुनाव कराती है तो उनकी तारीफ भी करेंगे। छात्र संगठन एनएसयूआई के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ गुरुवार को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में शपथ ग्रहण करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी मौजूद रहेंगे।

# छात्र संघ चुनावों के लिए विवि में आमरण अनशन शुरू

**जयपुर**। राजस्थान विश्वविद्यालय प्रशासन पर करोड़ों के घोटाले का आरोप लगाते हुए छात्र मांगे पूरी नहीं होने तक आमरण अनशन पर जा बैठे। छात्रों ने आरोप लगाया की विवि प्रशासन की ओर से 90 फीसदी छात्रों को पास आउट होने पर कॉशन मनी नहीं लौटाई जाती है। छात्र संघ चुनाव के नाम पर लिए जा रहे शुल्क का हवाला देते हुए इस वर्ष छात्र संघ चुनाव कराने की भी मांग की। छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर छात्रों ने बुधवार को आमरण अनशन का रुख किया। छात्र आमरण पर बैठे विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर अनशन पर बैठते हुए छात्र नेता शुभम रेवाड़ ने कहा कि विश्वविद्यालय में करोड़ों रुपए के घोटाले किए गए हैं। राजस्थान विश्वविद्यालय में हर छात्र से कॉशन मनी ली जाती है। आरटीआई के तहत विश्वविद्यालय से जानकारी मांगी है कि 2010 के बाद कितने छात्रों को उनकी कॉशन मनी रिफंड की गई।

## जेईसीआरसी में नोबेल विजेता कैलाश सत्यार्थी ने कहा...

# खुली सोच व नई शुरुआत के साथ आरंभ हो सफर

**बेधड़क** | जयपुर

नए चेहरे, नए सपने और नई उम्मीदों से सजी जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी... मौका था जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के 13वें शैक्षणिक ओरिएंटेशन समारोह, जेयू ओरिएंट 2024 का जहां विद्यार्थियों ने अपने सुनहरे सफर की शुरुआत की।

पिछले तीन वर्षों में, जेयू ओरिएंट राजस्थान के सबसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक समारोहों में से एक बन गया है। इस साल का समारोह और भी भव्य रहा। क्योंकि 28 भारतीय राज्यों से 8 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स और उनके माता-पिता ने कार्यक्रम में शिरकत की और इस बार छात्राओं की संख्या 32 प्रतिशत रहीं। साथ ही जेईसीआरसी अपने 25 साल पूरे करने जा रहा है, जो की एक गर्व की बात हैं। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों और चेयरमैन, जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी, ओ पी अग्रवाल और प्रेसिडेंट, जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी विक्टर गंभीर द्वारा दीप प्रज्वलित करके हुई।

इस साल के समारोह में मुख्य अतिथि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी और सम्मानित अतिथि के रूप में एक्सेंचर इंडिया की सीनियर मैनेजिंग डायरेक्टर ह्यूमन रिसोर्सेज, लक्ष्मी सी ने नए छात्रों का मार्गदर्शन किया। मुख्य अतिथि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और अपने पूर्वाग्रह और संकोच को बाहर छोड़ें। यहां आप एक खुली सोच और नई शुरुआत के साथ इस सफर को आरंभ करें। उन्होंने कहा कि खुली सोच रखना बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हर विचार बाहरी दुनिया को समझना और अपनी सीमाओं से बाहर आना आवश्यक है। अपने सपनों को साकार करने के लिए एक नई दुनिया की कल्पना करें और उसे साकार करने की दिशा में काम करें आपको प्रभावित कर दे। वहीं व्यक्ति सभ्यता को आगे ले जा सकता है, जो सवाल उठाने की हिम्मत रखता है। साथ ही समस्याओं का समाधान ढूंढना एक महत्वपूर्ण कौशल है। हम चाहते हैं कि आप समस्याओं को पहचानें, उनका विश्लेषण करें और उनके समाधान की दिशा में कार्य करें। ओरिएंटेशन सेरेमनी में वाइस चेयरपर्सन, अमित अग्रवाल और अर्पित अग्रवाल, डायरेक्टर स्टूडेंट अफेयर्स ,जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी, धीमांत अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।



### असफलता से मिलता है सीखने को

विशिष्ट अतिथि एक्सेंचर इंडिया की सीनियर मैनेजिंग डायरेक्टर ह्यूमन रिसोर्सेज लक्ष्मी सी ने अपने संबोधन में कहा कि अपनी मेहनत और समर्पण से विद्यार्थी भविष्य में महान ऊंचाइयों को छू सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा प्रणाली में बदलाव की जरूरत है। हमें किताबों से आगे बढ़कर शिक्षा की नई विधियों को अपनाना चाहिए। हमारे शिक्षक आपकी जिज्ञासा को जगाने के लिए हैं। इसलिए अधिक से अधिक सवाल पूछे। सवाल पूछने से आपका ज्ञान बढ़ेगा और आपको चीजों को गहराई से समझने में मदद मिलेगी। साथ ही नई सोच और विचारधाराओं के साथ प्रयोग करना बहुत महत्वपूर्ण है। इससे आपको अपनी क्षमता का पता चलता है और आप नए दृष्टिकोण से चीजों को देख पाते हैं, असफलता को सोना समझें। हर असफलता से सीखने को मिलता है और यह आगे बढ़ने का एक अवसर है। असफलता हमें सिखाती है कि क्या काम नहीं कर रहा और हमें नई रणनीतियों को अपनाने के लिए प्रेरित करती है।

### इस बार 52 प्रतिशत का चयन स्कॉलरशिप से

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी प्रेसिडेंट, प्रो. विक्टर गंभीर ने सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया और बताया कि इस बार एडमिशन लेने वाले छात्र छात्राओं में से 52 प्रतिशत का चयन स्कॉलरशिप के तहत हुआ। उल्लेखनीय है कि यह स्कॉलरशिप कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक मार्क्स लाने वाले स्टूडेंट्स को ही मिलती है। इस बार के एकेडमिक सेशन में न सिर्फ प्रतिभावान स्टूडेंट्स का बैच तैयार हुआ हैं। बल्कि देश के लगभग 28 राज्यों से स्टूडेंट्स यहां पढ़ने के लिए पहुंचेंगे।साथ ही इस वर्ष जेईसीआरसी के कैंपस हॉस्टल में भी 1600 छात्रों को प्रवेश दिया गया हैं।

### इस बार 2372 विद्यार्थियों का हुआ प्लेसमेंट

चेयरपर्सन, ओ पी अग्रवाल ने बताया कि जेईसीआरसी की शुरुआत 163 स्टूडेंट्स से हुई और अब 21000 स्टूडेंट्स की फैमिली हो चुकी हैं। वहीं जेईसीआरसी के प्रथम वर्ष में 74 स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट हुआ था और इस वर्ष हम अब तक 2372 विद्यार्थियों का 178 कम्पनीज में प्लेसमेंट कर चुके हैं। ये अपने आप में गर्व की बात हैं और ये सब सिर्फ स्टूडेंट्स और उनके माता पिता का हायर एजुकेशन के लिए जेईसीआरसी पर विश्वास हैं, जिसकी वजह से आधुनिक भारत के निर्माण में यह योगदान हो पा रहा है ।

## एचसीजी कैंसर सेंटर में नवाचार

# कीमोथैरेपी में अब नहीं झड़ेंगे बाल

■ पहली स्कैल्प कूलिंग तकनीक की शुरुआत



**बेधड़क** | जयपुर

एचसीजी कैंसर सेंटर ने जयपुर में पहली बार नई स्कैल्प कूलिंग थैरेपी शुरू की। इस प्रक्रिया कीमोथैरेपी के दौरान बालों के झड़ने को कम करने और जल्दी बाल वापस लाने में मदद मिलती है। डॉ. सुमिता जैन प्रिंसिपल दौसा मेडिकल कॉलेज व रिटायर्ड एचओडी सर्जरी डिपार्टमेंट एसएमएस, डॉ. नरेश सोमानी डायरेक्टर ऑन्कोलॉजी, एचसीजी जयपुर, डॉ.भरत गढवी रीजनल डायरेक्टर गुजरात और राजस्थान एचसीजी, डॉ. भरत राजपुरोहित सीओओ एचसीजी कैंसर सेंटर जयपुर की मौजूदगी में इस नई तकनीक का उद्घाटन किया गया।

डॉ. नरेश सोमानी डायरेक्टर ऑन्कोलॉजी, एचसीजी जयपुर ने बताया कि इस नए किफायती स्कैल्प कूलिंग सिस्टम से मरीजों की फिजिकल और इमोशनल हेल्थ पर एक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस सिस्टम में कीमोथैरेपी के दौरान मरीज के सिर पर एक कूलिंग मशीन लगाई जाती है। यह मशीन सिर का तापमान कम करके बालों के फॉलिकल्स पर कीमोथेरेपी का असर कम करती है और उन्हें झड़ने से बचाती है। एचसीजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, गुजरात और राजस्थान के रीजनल डायरेक्टर डॉ. भरत गढवी ने कहा कि हमें जयपुर में पहली बार यह स्कैल्प कूलिंग थैरेपी लाने पर बहुत गर्व है।

यह नई तकनीक कैंसर के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद है। एचसीजी कैंसर सेंटर जयपुर के सीओओ डॉ. भरत राजपुरोहित ने कहा कि इस नई तकनीक से पता चलता है कि हम अपने मरीजों को बेस्ट केयर देने के लिए कितने डेडिकेटेड हैं। एचसीजी कैंसर सेंटर जयपुर राजस्थान का एक ऐसा कंप्रिहेंसिव हॉस्पिटल है। जिसमें एक ही छत के नीचे कैंसर की जांच व इलाज की सुविधाएं उपलब्ध है। अस्पताल अत्याधुनिक उच्च स्तरीय तकनीको से सुसज्जित है एवं यहां मौजूद सभी चिकित्सक उच्च प्रशिक्षित एवं महत्वपूर्ण भारत के केंद्रों से अपनी ट्रेनिंग प्राप्त कर जहां अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# पात्रता जांच में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर

**अजमेर**। आरपीएससी की ओर से वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2022 के 6 विषयों की तृतीय विचारित सूची में शामिल अभ्यार्थियों की पात्रता की जांच में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर दिया गया है। ऐसे अभ्यर्थी 30 जुलाई को आयोग कार्यालय में पात्रता जांच के लिए उपस्थित होंवे। आयोग ने काउंसलिंग में उपस्थित होने के लिए अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भी सूचित किया है। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि संबंधित अभ्यर्थी 30 जुलाई को सुबह 9 से 1 बजे तक काउंसलिंग में शामिल हों सकते हैं।

## दौरा | पारंपरिक आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति और आधुनिक तकनीक की ली जानकारी

# जापान के प्रतिनिधि मंडल ने किया एनआईए का दौरा

**बेधड़क** | जयपुर

आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में नई तकनीक के समावेश से रोगों के निदान के लिये रिसर्च और एकेडमिक को बढ़ावा देने के लिए जापान के सुकुबा विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने जयपुर में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए)का दौरा किया।

जापान के सुकुबा विश्वविद्यालय से आए 3 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल में डॉ. ओहनेड़ा ओसमु, एग्जीक्यूटिव ऑफिसर फॉर इंटरनेशनल स्ट्रेटजी, डॉ. रणदीप रखवाल, ओह्निषि मिवा ने संस्थान की गतिविधियों का अवलोकन किया।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों को संस्थान द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों के विषय मे बताया। संस्थान में रोगियों का आयुर्वेद के माध्यम से किए जा रहे सफल इलाज और उसमे काम आ रही आधुनिक तकनीक की जानकारी दी।



### शॉर्ट कोर्स शुरू हो तो जापानी विद्यार्थी को मदद मिले

सुकुबा विश्वविद्यालय, जापान के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर फॉर इंटरनेशनल स्ट्रेटजी डॉ. ओहनेड़ा ओसमु ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की जानकारी देने के लिए विद्यार्थियों को आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षा में शॉर्ट टर्म कोर्स डेवलप किए जाएं जो 15 दिन या 1 महीने के हो, जिससे जापान से आने वाले विद्यार्थी आयुर्वेद की जानकारी ले सके। संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा कि आज जापान तकनीक के क्षेत्र में आगे है, आयुर्वेद को इसकी मदद मिले।

### इलाज और संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना

जापान के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के अस्पताल परिसर के सभी विभागों, पंचकर्म विभाग, ड्रग डिस्कवरी एवं ड्रग डेवलपमेंट यूनिट, सिमुलेशन लैब, फिजियोलॉजी लैब, एनाटॉमी लैब में कार्य प्रणाली को देखा। संस्थान के स्तर पर ही आयुर्वेदिक दवाइयों के निर्माण, पेशेंट को दिए जाने वाले खाने की गुणवत्ता को भी देखा। आयुर्वेद की पढ़ाई करने वाले छात्रों को आधुनिक हाईटेक तकनीक के आधार पर दी जा रही शिक्षा का अवलोकन किया। इस दौरे से प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि इस दौरे के अनुभव का लाभ दोनों संस्थाओं को मिलेगा। जिससे आयुर्वेद एवं पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में गहरी समझ और सहयोग बढ़ने के साथ वैश्विक स्वास्थ्य और कल्याण की प्रगति में योगदान मिलेगा। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में मरीजों का आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में नई तकनीक में नवाचारों के साथ के किये जा रहे इलाज और संस्थान द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की । जापान के प्रतिनिधि मंडल के दौरे के दौरान राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के प्रतिकुलपति प्रो. रामकिशोर जोशी, कुलसचिव प्रो. अनिता शर्मा, प्रो. अनुपम श्रीवास्तव आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# खाद्य सुरक्षा के साथ पोषण सुरक्षा भी अहम



राजीव जैन
स्वतंत्र टिप्पणीकार

देश में विकास तभी कारगर होता है जब लोगों को खाद्य सुरक्षा का कवच मिले। इसी कडी में अब हमें खान पान की हमारी पुरानी परंपराओं को अपनाना होगा। इसके महत्व को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया था। मिलेट यानि पोषक मोटा अनाज जो कि सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। राजस्थान तो हमेशा से ही मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा आदि के उत्पादन में हमेशा अग्रणी रहा है। सुपरफूड वाले इस पोषक अनाज में आयरन, कैल्शियम, विटामिन, फाइबर आदि प्रचुर मात्रा में होता है जो स्वास्थ्य के लिए बेहतरीन माना जाता है। जिस मोटे अनाज को हमारे पूर्वज सदियों से खाते रहे उसे हमने कुछ सालों पहले अपने से दूर कर दिया। इसकी पौष्टिकता को देख कर ही अब दुनिया हमारे परंपरागत भोजन की तरफ लौट रही है। हमारी थाली से गायब मोटा अनाज की मांग अब पूरी दूनिया में होने लगी है। राजस्थान में तो भोजन ही मिलेट आधारित था। बाजरा, ज्वार, मक्का, जौ का प्रचलन हमेशा से रहा है।

हरित क्रांति के समय 60 के दशक में गेहूं और चावल पर जोर दिया गया जो उस समय की जरूरत थी ताकि लोगों को भरपेट भोजन मिल सकें। उस समय के नीति निर्धारकों ने ऐसी नीतियों पर काम किया जिससे कृषि उत्पादन में बढोतरी हो और उन नीतियों के बलबूते सफलता मिली और देश खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हो गया। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की दूरदर्शी सोच से सिंचााई सुविधाओं को बडे पैमाने पर विस्तार दिया गया जिससे खेती से जुडी बुनियादी संरचनाओं का निर्माण हुआ। कृषि मूल्य लागत आयोग की स्थापना की गई,जिससे कृषि जिन्सों के न्यूनतम समर्थन मूल्य का रास्ता तैयार हुआ। इसका किसानों को बडा लाभ मिलना शुरू हुआ। लाल बहादुर शास्त्री और इंदिरा गांधी के नेतृत्व में 1970 के दशक में हरित क्रांति का आगाज हुआ और देश खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर ही नहीं हुआ बल्कि हम अनाजों का निर्यात भी करने लगे। देश अब खाद्यान्न उत्पादन में पूरी तरह से आत्मनिर्भर है। ऐसे में अब खाद्य सुरक्षा के साथ ही पोषण सुरक्षा पर भी ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए ही हमें अब अपने मोटे अनाज को अपनाना होगा। सर्व गुणों से भरपूर पोषक अनाज यानि मिलेट के उत्पादन में भारत दुनिया में अग्रणी देश है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी भी बढ जाती है। इसका उत्पादन बढाने और उत्पादक किसानों को इसका उचित मूल्य मिलें और इसका उपभोग रोजमर्रा के खानपान में बढाने की दिशा में ठोस रणनीति बनाकर हमें काम करना होगा। देश के लोगों को खाद्य सुरक्षा प्रदान किये जाने के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-2013 लाया गया था। बदलती हुई जलवायु पारिस्थितिकी के कारण गेहूं और धान पर निर्भरता कम किये जाने की दृष्टि से उत्पादन की प्रक्रिया में बदलाव पर ध्यान देने की जरूरत है। देश में मिलेटस के उत्पादन में राजस्थान अग्रणी प्रदेशों में है। राजस्थान में बाजरा और ज्वार की खेती बडे पैमाने पर की जाती है। बाजरा के उत्पादन में राजस्थान देश में पहले स्थान पर है। भारत में बाजरा के क्षेत्रफल में राजस्थान की करीब 57 प्रतिशत और उत्पादन में लगभग 42 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसी तरह ज्वार के क्षेत्रफल और उत्पादन में राजस्थान का तीसरा स्थान है। यह राजस्थान के लिए गर्व की बात है। बाजरा और ज्वार उत्पादन करने वाले किसानों की स्थिति भी किसी से छिपी हुई नहीं है। उनकी स्थिति बेहतर बनाने के लिए सबको मिलकर प्रयास करने होंगे। इसके लिए चुनौती में अवसर तलाशने की दिशा में काम करना होगा। केंद्र सरकार हर साल बाजरा और ज्वार के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा करती है। लेकिन पूरी खरीद नहीं हो पाती है। इससे किसानों को मोटे अनाज की फसलों का उचित मूल्य हासिल करने में समस्या रहती है।

> “हरित क्रांति के समय 60 के दशक में गेहूं और चावल पर जोर दिया गया जो उस समय की जरूरत थी ताकि लोगों को भरपेट भोजन मिल सकें। उस समय के नीति निर्धारकों ने ऐसी नीतियों पर काम किया जिससे कृषि उत्पादन में बढोतरी हो और उन नीतियों के बलबूते सफलता मिली और देश खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हो गया।”

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोटे अनाज को लेकर बडे पैमाने पर प्रयास किये है और इसका असर भी दिखने लगा है। उम्मीद है कि केंद्र सरकार किसानों के व्यापक हित में इन जिन्सों को समर्थन मूल्य पर खरीदेगी। प्रसंस्करण के क्षेत्र में कृषि प्रंसस्करण, कृषि व्यवसाय एवं कृषि निर्यात प्रोत्साहन नीति-2019 लागू है। इससे प्रदेश में दो हजार करोड रूपए से ज्यादा का कृषि प्रंसस्करण ईकाईयों में निवेश हुआ है। राजस्थान में मिलेटस प्रसंस्करण के लिए 100 प्राथमिक प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना के लिए 40 करोड रूपए का प्रावधान किया हुआ है, इसे बढाने की जरूरत है। बाजरा, ज्वार की खेती के प्रोत्साहन, उत्पादन में बढोतरी, घरेलू खपत को बढावा देने और मूल्य संवर्धन के लिए राजस्थान में मिलेट प्रोत्साहन पर ज्यादा काम करने की जरूरत है। बाजरा की ज्यादा उपज देने वाली किस्मों के बीज के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उत्पादकता में बढोतरी,फसलोत्तर प्रबंधन और मूल्य संवर्धन के लिए मिलेटस उत्कृष्टता केंद्रों की ज्यादा स्थापना पर सरकार को जोर देना होगा। पोषक अनाज यानि मिलेट के क्षेत्र में सरकार को अहम कार्य करने की आवश्यकता है। मोटे अनाजों और उसके उत्पादों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाने के लिए गहन मंथन की जरूरत है। इसकी खपत बढेगी तो एक तरफ आमजन की सेहत अच्छी रहेगी तो दूसरी तरफ किसान का भी भला होगा।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## सावन मास विशेष

# सृष्टि शिव में और शिव में सृष्टि विद्यमान !



सुनील कुमार महला
कालमिस्ट व युवा साहित्यकार

> “सावन में भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया जाता है। बिल्वपत्र, धतूरा, भस्म व फलादि अर्पित किए जाते हैं। भारत में सावन बारिश का मौसम होता है और शिवजी को चढ़ने वाले फूल-पत्ते बारिश के मौसम में ही पल्लवित होते हैं इसलिए सावन में शिव पूजा की परंपरा बनी। सावन के महीने पूर्णिमा तिथि पर श्रवण नक्षत्र होता है। इस नक्षत्र के कारण ही सावन महीने का ये नाम पड़ा बताते हैं।”

सावन या श्रावण के महीने को देवो के देव कहलाने वाले महादेव, भोलेशंकर या भगवान शिव (भोलेनाथ) का प्रिय मास माना जाता है और पूरे सावन के महीने में शिव की विशेष आराधना की जाती है। इस मास में कांवड़िए दूर दूर तक कांवड़ लेकर पैदल जाते हैं। हमारे शास्त्रों में कहा गया कि भोलेनाथ इतने भोले हैं कि यदि उनको भक्तिभाव से हम एक लोटा जल भी चढ़ा दें, तो वह अति प्रसन्न हो जाते हैं और बिना मांगे ही सब कुछ दे देते हैं। पाठक जानते हैं कि आषाढ़ पूर्णिमा के समापन के साथ ही श्रावण माह आरंभ हो जाता है। इस बार यदि हम सावन की बात करें तो हिंदू पंचांग के अनुसार, श्रावण मास की कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि 21 जुलाई को दोपहर 3 बजकर 47 मिनट से आरंभ हो जाएंगी, जो 22 जुलाई को दोपहर 1 बजकर 11 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में 22 जुलाई से श्रावण मास आरंभ हो रहा है, जो 19 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा के साथ समाप्त होगा।

यह बहुत ही रूचिकर है कि इस साल श्रावण मास सावन सोमवार के साथ आरंभ हो रहा है और इसी दिन के साथ समाप्त हो रहा है। सोमवार भगवान भोलेनाथ का अति प्रिय दिन भी है और इस साल कुल 5 सावन सोमवार पड़ रहे है। इसके साथ ही सावन माह के दौरान सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग, रवि योग बन रहा है। इसके साथ ही ग्रहों की स्थिति के कारण कुबेर योग, मंगल-गुरु युति, शुक्रादित्य योग, बुधादित्य, लक्ष्मी नारायण योग, गजकेसरी योग , शश राजयोगों जैसे योग बन रहे हैं। सावन में भगवान शिव का रूद्राभिषेक किया जाता है।बिल्वपत्र, धतूरा, भस्म व फलादि अर्पित किए जाते हैं। भारत में सावन बारिश का मौसम होता है और शिवजी को चढ़ने वाले फूल-पत्ते बारिश के मौसम में ही पल्लवित होते हैं इसलिए सावन में शिव पूजा की परंपरा बनी। सावन के महीने पूर्णिमा तिथि पर श्रवण नक्षत्र होता है। इस नक्षत्र के कारण ही सावन महीने का ये नाम पड़ा बताते हैं। सावन के महीने में महादेव की पूजा, उनकी आराधना, भक्ति, पूजा आदि का विशेष महत्व माना जाता है। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि श्रावण मास हे हर एक मंगलवार को मंगला गौरी व्रत रखा जाता है जिसमें मां पार्वती की पूजा करने का विधान है। श्रावण माह में भगवान शिव की पूजा करने से व्यक्ति को हर एक दुख-दर्द से छुटकारा मिल जाता है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए श्रद्धालु विशेषकर सावन के महीने में अपनी सामर्थ्य अनुसार व्रत, उपवास, पूजन, शिव का अभिषेक आदि करते हैं।

मान्यता है कि सावन के आरंभ में भगवान विष्णु योगनिद्रा में लीन हो जाते हैं और इस सारे संसार की सत्ता-संचालन का दायित्व प्रभु शिव के हाथों में होता है। कहते हैं कि सावन माह में की गई उपासना का विशेष फल भक्तों को प्राप्त होता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार विवरण मिलता है कि जब देवी सती(माता पार्वती )ने अपने पिता दक्ष के घर में योगशक्ति द्वारा अपनी देह का त्याग किया था, उससे पहले देवी सती ने महादेव को प्रत्येक जन्म में पति के रूप में पाने का प्रण किया था। अपने दूसरे जन्म में देवी सती ने राजा हिमाचल और रानी मैना के घर में पार्वती के रूप में जन्म लिया था। कहते हैं कि मां पार्वती ने सावन के महीने में अन्न-जल आदि त्याग कर, निराहार रह कर कठोर व्रत किया था। मां पार्वती के इस व्रत से प्रसन्न होकर ही भगवान शिव(भोलेनाथ) ने देवी पार्वती से विवाह किया और तभी से भगवान महादेव को सावन का महीना अतिप्रिय है। बहरहाल, जानकारी देना चाहूंगा कि सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार के अधिपति शिव हैं।

त्रिदेवों में भगवान शिव संहार के देवता माने गए हैं।सच तो यह है कि शिव अनादि तथा सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं। वास्तव में, त्रिदेवों में भगवान शंकर को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। भगवान ब्रह्मा सृजनकर्ता, भगवान विष्णु संरक्षक और भगवान शिव विनाशक की भूमिका निभाते हैं। वैसे तो भगवान शिव के अनेक नाम हैं लेकिन शिव के कुछ प्रचलित नामों में महाकाल, आदिदेव, किरात, शंकर, चन्द्रशेखर, जटाधारी, नागनाथ, मृत्युंजय (मृत्यु पर विजय पाने वाले), त्रयम्बक, महेश, विश्वेश, महारुद्र, विषधर, नीलकण्ठ, महाशिव, उमापति (माता पार्वती के पति), काल भैरव, भूतनाथ, त्रिलोचन (तीन नयन वाले), शशिभूषण, पशुपतिनाथ, अर्द्धनारीश्वर, लिंगम(संपूर्ण ब्रह्मांड के प्रतीक), नटराज (नृत्य के देव), भोलेनाथ (कोमल हृदय, दयालु व आसानी से माफ करने वालों में अग्रणी तथा बहुत जल्द प्रसन्न होने वाले) आदि को शामिल किया जाता है। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि आदि का अर्थ है प्रारंभ। शिव को 'आदिनाथ' भी कहा जाता है और आदिनाथ होने के कारण उनका एक नाम आदिश भी है। वे दैत्यों, दानवों और भूतों के भी प्रिय भगवान हैं। भगवान शिव को रूद्र नाम से भी जाना जाता है। रुद्र का अर्थ है रुत् दूर करने वाला अर्थात दुखों को हरने वाला। वास्तव में रूद्र से तात्पर्य है दुखों का निर्माण और नाश करना। 'शिव' शब्द का अर्थ 'शुभ, स्वाभिमानिक, अनुग्रहशील, सौम्य, दयालु, उदार, मैत्रीपूर्ण' होता है। लोक व्युत्पत्ति में 'शिव' की जड़ 'शि' है जिसका अर्थ है जिन में सभी चीजें व्यापक हैं। यहां 'वा' का अर्थ है 'अनुग्रह के अवतार।' ऋग्वेद में शिव शब्द एक विशेषण के रूप में प्रयोग किया जाता है। शिव शब्द ने "मुक्ति, अंतिम मुक्ति" और 'शुभ व्यक्ति' का भी अर्थ दिया है।

पाठकों को यह भी बताता चलूं कि कैलाश सरोवर को शिव का निवास स्थान माना जाता है, जहां भगवान शिव साक्षात् विराजते हैं। शिव' का शाब्दिक अर्थ है- 'जो नहीं है'। शिव 'शून्य' हैं। देखा जाए तो हमारी इस संपूर्ण सृष्टि में सब कुछ 'शून्यता' से ही तो आता है और वापस 'शून्य' में ही चला जाता है। जानकारी मिलती है कि शिव ही वो गर्भ हैं जिसमें से सब कुछ जन्म लेता है, और वे ही वो गुमनामी हैं, जिनमें सब कुछ फिर से समा जाता है। सब कुछ शिव से आता है, और फिर से शिव में चला जाता है। दूसरे शब्दों में यह बात कही जा सकती है कि शिव वह चेतना है जहाँ से सब कुछ आरम्भ होता है, जहाँ सबका पोषण होता है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है|

'कोई भी कभी 'शिव' के बाहर नहीं हैं क्योंकि पूरी सृष्टि ही शिव में विद्यमान है। हमारा मन, शरीर सब कुछ केवल शिव तत्व से ही बना हुआ है, इसीलिए शिव को 'विश्वरूप' कहते हैं जिसका अर्थ है कि सारी सृष्टि उन्हीं का रूप है। शिव का कोई आदि और अंत नही है। भगवान शिव को स्वयंभू कहा जाता है जिसका अर्थ है कि वह अजन्मा हैं। वह ना आदि हैं और ना ही अंत। वास्तव में,भोलेनाथ को अजन्मा और अविनाशी कहा जाता है। सच तो यह है कि श्रद्धा का नाम माँ पार्वती और विश्वास का नाम शिव है।



**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# राजनीति में सहानुभूति



दिनेश विजयवर्गीय
व्यंग्यकार

मनुष्य के जीवन में सहानुभूति संवेदना अपने गुणधर्म के खातिर राहत पहुंचाने की एक सकारात्मक परंपरा है। जब कोई व्यक्ति या समाज किसी जरूरतमंद को जिसे सहानुभूति की अपेक्षा रहती है और वह उसे समय पर मिल जाए तो वह बहुत कुछ सहज होने लगता है। सहानुभूति में दया से भरी मानवता के दर्शन होते हैं।

सहानुभूति प्रकट करने के लिए व्यक्ति के जीवन में जब तब कई अवसर आते रहते हैं। सहानुभूति पाकर व्यक्ति मन ही मन कृतज्ञता का भाव प्रकट करता है। सहानुभूति हमारे सामाजिक क्षेत्र के साथ-साथ राजनीति में भी खरी खरी उतरती है। चुनाव में खड़े उम्मीदवार को यदि जनता की ओर से अप्रत्याशित सहानुभूति मिल जाती है तो वह अपनी संभावित जीत और जनता के समर्थन के लिए आशवसत होने लगता है। चुनावी सहानुभूति की छुपी हुई लहर जब किसी प्रत्याशी के लिए उमड़ती है तो वह उसका बेड़ा पार कर देती है।

चुनाव के दौरान यदि कभी किसी उम्मीदवार के साथ कोई हिंसा या दुर्घटना हो जाए तो वह मानवता की परंपरा के चलते स्वत ही लोगों की सहानुभूति का पात्र बन जाता है। यदि कभी किसी प्रमुख दल के लोकप्रिय उम्मीदवार के पैर में चोट आजाए तो वह व्हीलचेयर पर बैठकर ही जनता को अपनी बात कहने लगेगा। उम्मीदवार को देख जनता के मन में उसके प्रति सहानुभूति उमड़ने लगेगी। और वह चुनाव में उसकी वोटों से ईवीएम भर देगी । कई नेता जांच एजेंसी के शिकंजे में आने पर जनता अपने प्रिय नेता के प्रति सहानुभूति प्रकट कर सड़कों पर उतर उसके पक्ष में माहौल बनाने लगती है। कोई नेता जेल में बंद है तो उसके प्रति पार्टी अपना कर्तव्य समझ सड़कों पर उतरकर सरकार केखिलाफ प्रदर्शन कर अपनी सहानुभूति बताती है।

देश में ही नहीं विदेश में भी मानवीय गुणों से लथपथ सहानभूति अपना सटीक प्रभाव दर्शाती है। अभी पिछले दिनों अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डॉनल्ड ट्रंप पर एक युवक द्वारा बंदूक चला , कान को घायल कर दिया। वह बाल-बाल बज गए । दुनिया के कई नेताओं ने उनके प्रति सहानुभूति प्रकट कर उनकी कुशल-क्षेम पूछी ।अमेरिका में उनकी पार्टी के कई समर्थकों ने ट्रंप के घायल कान पर लगी पट्टी की तरह अपने कान पर भी पट्टी लगाकर सहानुभूति जता रहे हैं । ट्रंप तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं । सचमुच सहानुभूति के गुणधर्म को चुनाव में भुनाकर जन संमर्शन प्राप्त करने का यह बेहतरीन तरीका है।

## X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP

प्रगति की स्वर्णिम गाथा लिख रहा नया राजस्थान... 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के विजन के अनुरूप आज जैसलमेर में 400 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया व आवास और शहरी विकास निगम (हुडको) के साथ महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के अंतर्गत जलापूर्ति, सिंचाई एवं विद्युत जैसी आधारभूत अवसंरचना क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। हमारी सरकार राजस्थान को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने तथा पेयजल एवं सिंचाई हेतु अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए कटिबद्ध है।



**दिया कुमारी,** उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
@KumariDiya

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल जी शर्मा के नेतृत्व में आवास और शहरी विकास निगम (HUDCO) एवं भारतीय सौर ऊर्जा निगम के तत्वावधान में रिन्यू हंस ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड (RHUPL) के मध्य MoU हुआ। राजस्थान सरकार के साथ हुए MoU से प्रदेश के विकास को अब नई रफ्तार मिलेगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री कन्हैया लाल जी चौधरी एवं ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल जी नागर, HUDCO के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक श्री संजय कुलश्रेष्ठ जी एवं RHUPL के संस्थापक एवं सीईओ श्री सुमंत सिन्हा जी उपस्थित थे।

## नॉलेज कॉर्नर: काठमांडू में विमान हादसे में हो चुकी हैं 18 लोगों की मौत

# इस वजह से दुनिया में होते ज्यादा प्लेन क्रैश

दुनिया में आए दिन विमान क्रैश होने की घटनाएं सामने आती है। बीते दिन ही नेपाल की राजधानी काठमांडू में एक विमान क्रैश हो गया है, प्लेन में सवार 19 लोगों में से 18 की मौत हो गई है। वहीं घायल पायलट कैप्टन एम. शाक्य को गंभीर हालत में अस्पताल में पहुंचाया गया है। बता दें कि प्लेन काठमांडू से पोखरा जा रहा था। प्लेन ने सुबह लगभग 11 बजे त्रिभुवन एयरपोर्ट से उड़ान भरी, जिसके कुछ ही समय के अंदर ये क्रैश हो गया। ये 9N-AME प्लेन सूर्या एयरलाइन्स का था। इस हादसे में मारे गए लोगों में से 17 सूर्या एयरलाइंस के ही स्टाफ थे, जबकि बाकी 2 क्रू मेंबर्स थे। ऐसे में सवाल ये उठता है कि आखिर सबसे ज्यादा प्लेन क्रैश की वजह क्या है? आज के नॉलेज कॉर्नर में इसी बारे में जानते हैं।



### दुनिया के बड़े प्लेन क्रैश की घटनाएं

आपको बता दें कि दुनिया के सबसे बड़ा प्लेन क्रैश 25 मई साल 1979 में हुआ था। इस दौरान अमेरिकन एयरलाइंस फ्लाइट 191 में लगभग 273 लोगों की मौत हो गई थी। इसके इतर दूसरा सबसे बड़ा प्लेन हादसा 3 जुलाई साल 1988 को हुआ था। इस घटना में लगभग 290 लोगों की मौत हुई थी।

### टेक्निकल फॉल्ट है प्लेन क्रैश होने का ज्यादा कारण

यूरोपियन ट्रांसपोर्ट सेफ्टी काउंसिल ने प्लेन क्रैश पर एक रिपोर्ट तैयार की है, जिसमें बताया गया है कि 90 प्रतिशत प्लेन क्रैश का कारण टेक्निकल फाल्ट होता है। हालांकि बता दें ये रिपोर्ट 1996 की है, जिसमें प्लेन क्रैश होने का कारण तकनीक या फिर इंजन का फेल होना बताया जाता है।

### 95 फीसदी घटनाओं में बच सकती है जान

*साल 1983 से 1999 के बीच बहुत ज्यादा प्लेन क्रैश की घटनाएं सामने आईं, जिसपर US National Transportation Safety Board ने एक रिसर्च भी की थी। इस रिसर्च में पाया गया है कि प्लेन क्रैश के दौरान 95 प्रतिशत संभावना होती है कि उसमें सवार यात्रियों की जान बच जाती है। इसमें से लगभग 55 प्रतिशत प्लेन क्रैश की घटनाएं सबसे गंभीर होती हैं। लेकिन इसके बावजूद भी यात्रियों की जान बच जाती है।*

कंटेंट: बजरंग बुनकर

### तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चेतावनी

# पसंद-नापसंद के अनुसार सरकार चलाएंगे तो अलग-थलग पड़ जाएंगे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सख्त लहजों में चेतावनी दी कि अगर वह शासन पर ध्यान देने के बजाय विपक्षी दलों और नेताओं को निशाना बनाना जारी रखते हैं तो वो दिन दूर नहीं जब वो अलग-थलग हो जाएंगे। स्टालिन ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में यह बात कही। उन्होंने कहा, आपने (पीएम मोदी) कहा था कि अब हमें देश के बारे में सोचना है, लेकिन मंगलवार को पेश हुआ केंद्रीय बजट आपके शासन को बचाएगा, भारत को नहीं। उन्होंने कहा, आप सामान्य तौर पर सरकार चलाएं और उन लोगों से बदला लेने पर आमादा न हों जिन्होंने आपको अभी तक हराया है। यदि आप अपनी राजनीतिक पसंद-नापसंद के अनुसार सरकार चलाएंगे, तो आप अलग-थलग पड़ जाएंगे।



### तमिलनाडु की उपेक्षा करने का आरोप



स्टालिन ने नरेंद्र मोदी सरकार पर उनके राज्य की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारतीय राज्यों ने भाजपा के 400 पार के सपने को चकनाचूर कर दिया है, इसलिए अब ये राज्य उनकी उपेक्षा झेल रहे हैं। दरअसल, बजट 2024 जारी होने के बाद से विपक्षी दल और नेता भाजपा सरकार पर लगातार हमला बोल रहे हैं। मंगलवार को कांग्रेस ने भी आरोप लगाया कि जिन राज्यों में भाजपा या उनके गठबंधन साथियों की सरकारें नहीं हैं, उन राज्यों की उपेक्षा की गई है।

### नेताओं के प्रदर्शन का वीडियो किया शेयर

स्टालिन ने अपनी पोस्ट के साथ एक वीडियो भी पोस्ट किया जिसमें विपक्षी दलों के नेता संसद के बाहर हाथों में तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। एक तख्ती पर लिखा था कि देश मांगता इंडिया का बजट, नहीं चाहिए एनडीए का बजट।

### स्टालिन की सलाह का अनुसरण करें पीएम मोदी: मारन



डीएम के सांसद दयानिधि मारन ने पीएम मोदी को सलाह देते हुए कहा कि उन लोगों के लिए भी काम करें जिन्होंने उन्हें वोट नहीं दिया। मारन ने कहा, मेरा मानना है कि कि पीएम मोदी को एमके स्टालिन से अच्छी सलाह लेकर उनका अनुसरण करना चाहिए क्योंकि मैं खुद उन लोगों के लिए भी काम करूंगा जिन्होंने मुझे वोट नहीं दिया।

---

### नीट मसले पर राहुल गांधी माफी मांगे: प्रसाद



**नई दिल्ली।** लोकसभा में बहस के दौरान नीट को फ्रॉड बताने पर भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से माफी मांगने को कहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में साफ कर दिया है कि नीट का पेपर व्यवस्थित तरीके से लीक नहीं हुआ है। पटना और हजारीबाग में लीक हुआ पेपर कुल 155 प्रतिभागियों तक पहुंचा था, जिनके खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है और उन्हें आगे परीक्षा में बैठने पर रोक लगा दी गई है। प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी ने जिस तरीके से पिछले एक महीने से देश की परीक्षा प्रक्रिया के खिलाफ अविश्वास फैलाने और देश की छवि धूमिल करने का प्रयास किया है, वह अत्यंत शर्मनाक है। राहुल गांधी अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए सदन के अंदर और बाहर गैर जिम्मेदाराना वक्तव्य देकर देश को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं।

### शुभेंदु का टीएमसी MLA पर हमले की कोशिश का आरोप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को विस परिसर में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक तपन चटर्जी पर उन पर हमला करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। अधिकारी ने कहा कि विधायक ने उनसे अपशब्द कहे। वि अधिकारी ने स्वीकर उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर विधायक चटर्जी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। नंदीग्राम से भाजपा विधायक और विधानसभा में नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि जब वे विधानसभा की निचली लॉबी में खड़े थे, तो पूर्वस्थली से विधायक तपन चटर्जी आए और हमला करने की कोशिश की। साथ ही अन्य विधायकों और पत्रकारों के सामने मुझसे अपशब्द कहे।

### किसान आंदोलन: शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बरकरार रखने का आदेश

# किसानों से वार्ता के लिए तटस्थ समिति गठित की जाए: SC

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने शंभू बॉर्डर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों से बातचीत करने के लिए निष्पक्ष व्यक्तियों की एक समिति बनाने का सुझाव दिया। यह समिति किसानों और अन्य हितधारकों से संपर्क कर उनकी मांगों का व्यावहारिक समाधान निकालेगी, जो निष्पक्ष, न्यायसंगत और सभी के हित में हो। न्यायाधीश सूर्य कांत, न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और न्यायाधीश उज्जल भुयान की पीठ ने हरियाणा सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए किसानों के विरोध प्रदर्शन के मुद्दे को हल करने के तरीके और साधन खोजने पर जोर दिया। पीठ ने कहा कि पंजाब और हरियाणा सरकारों को किसानों से बात करके मुद्दों का समाधान निकालना होगा।

गौरतलब है कि पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने नेशनल हाईवे-1 पर शंभू बॉर्डर को एक सप्ताह में खोलने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार, 24 जुलाई यानी बुधवार तक शंभू बॉर्डर को खोला जाना था, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। हरियाणा सरकार ने कानून व्यवस्था का हवाला देकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। शीर्ष अदालत ने कहा कि समिति का गठन ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों को लेकर किया जाना चाहिए, ताकि किसानों और अन्य हितधारकों से बातचीत करके उनकी मांगों का न्यायसंगत और सभी के हित वाला एक व्यवहारिक समाधान निकाला जा सके।



### कोर्ट ने पूछा: तटस्थ अंपायर क्यों नहीं भेजते!

पीठ ने हरियाणा सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, आपको किसानों से संपर्क करने के लिए कुछ कदम उठाने होंगे। अन्यथा वे दिल्ली क्यों आना चाहेंगे? आप यहां से मंत्रियों को भेज रहे हैं। उनके अच्छे इरादों के बावजूद विश्वास की कमी है। उन्हें लगेगा कि आप केवल अपने हितों की बात कर रहे हैं और स्थानीय मुद्दों की अनदेखी कर रहे हैं। आप एक तटस्थ अंपायर क्यों नहीं भेजते। इस पर मेहता ने कहा कि उनके दिल्ली आने में कोई समस्या नहीं, लेकिन वे बख्तरबंद ट्रैक्टर और जेसीबी के साथ आना चाहते हैं। पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने कहा कि राजमार्ग नाकाबंदी से राज्य को आर्थिक रूप से भारी नुकसान हो रहा है।

### 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं किसान

किसान फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी सहित अन्य मांगों को लेकर दिल्ली कूच करने के लिए शंभू बार्डर पर 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं। शीर्ष अदालत के समक्ष दायर अपनी अपील में हरियाणा सरकार ने वर्तमान नाकाबंदी के लिए कानून और व्यवस्था की स्थिति का हवाला दिया है।

### किसान दिल्ली कूच पर अडिग... राहुल गांधी से की मुलाकात

## MSP की कानूनी गारंटी के लिए सरकार पर दबाव डालेंगे: राहुल



**एजेंसी** | नई दिल्ली

न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) में सुधार के लिए सरकार पर दबाव बना रहे किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार सुबह संसद परिसर में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। इसमें उन्होंने राहुल गांधी से किसानों की समस्याएं संसद में उठाने का आग्रह किया। राहुल गांधी ने किसानों से कहा, कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में MSP की कानूनी गारंटी देने की बात कही थी। हमने आकलन किया है, ये बिल्कुल किया जा सकता है। इस बारे में हमने किसान नेताओं के साथ बैठक की। हमने तय किया है कि इंडिया समूह के नेताओं से चर्चा करके, हम सरकार पर एमसपी की कानूनी गारंटी के लिए दबाव बनाएंगे।

### इन नेताओं ने की मुलाकात

राहुल गांधी से मुलाकात करने वाले किसान नेताओं में पंजाब से जगजीत सिंह, श्रवण सिंह पंधार, सुरजीत सिंह तथा रमणदीप सिंह मान, हरियाणा से लखविंदर सिंह, तेजवीर सिंह, अमरजीत सिंह तथा अभिमन्यु, कर्नाटक से शांता कुमार, तेलंगाना से एन वेंकटेश्वर राम, तमिलनाडु से पी रामलिंगम शामिल हैं।

राहुल गांधी के मुलाकात के बाद एक किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल ने एक समाचार चैनल से कहा कि सरकार अब तक आश्वासनों को पूरा करने में विफल रही है। स्वामीनाथन रिपोर्ट का क्रियान्वयन जरूरी है।

### बजट पर खफा विपक्ष

# नीति आयोग की बैठक का चार सीएम करेंगे बहिष्कार



**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मंगलवार को संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट को भेदभावपूर्ण बताते हुए चार राज्यों के मुख्यमंत्री 27 जुलाई को राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली बैठक में भाग नहीं लेने का निश्चय किया है। कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों में तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी, कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू शामिल हैं। इसके अलावा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने बैठक में भाग नहीं लेने की घोषणा की है। हालांकि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस बैठक में हिस्सा लेंगी। बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाली है।

कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, केंद्रीय बजट बेहद भेदभावपूर्ण और खतरनाक है, जो संघवाद और निष्पक्षता के सिद्धांतों के बिल्कुल खिलाफ है, जिसका केंद्र सरकार को पालन करना चाहिए। इसके विरोध में, कांग्रेस के मुख्यमंत्री 27 जुलाई को होने वाली नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करेंगे। वेणुगोपाल ने आगे कहा कि इस सरकार का रवैया संवैधानिक सिद्धांतों के बिल्कुल विपरीत है। हम ऐसे किसी कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेंगे जो पूरी तरह से इस शासन के असली, भेदभावपूर्ण पहलुओं को छिपाने के लिए बनाया गया है।

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने लिखा, हमें नहीं लगता कि कन्नड़ लोगों की बात सुनी जा रही है, इसलिए नीति आयोग की बैठक में भाग लेने का कोई मतलब नहीं है। हमने विरोध के तौर पर नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने का फैसला किया है।

वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कहा है कि वह 27 जुलाई को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाली नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करेंगे। स्टालिन ने बजट को बेहद निराशाजनक करार देते हुए कहा कि चूंकि केंद्र सरकार ने तमिलनाडु को पूरी तरह से नजरअंदाज किया है, इसलिए नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करना उपयुक्त होगा।

### जगनमोहन रेड्डी का दिल्ली में धरना, कई विपक्षी नेता भी पहुंचे

## नायडू सरकार पर बदले की भावना से काम करने का आरोप

**एजेंसी** | नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष जगनमोहन रेड्डी ने बुधवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर अपनी ही राज्य की नव निर्वाचित सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन दिया। इस दौरान विपक्ष के कई नेता भी धरना स्थल पर पहुंचे।



रेड्डी ने टीडीपी की चंद्रबाबू नायडू सरकार पर राजनीतिक बदले की भावना से काम करने का आरोप लगाया है। पत्रकारों को बातचीत में रेड्डी ने कहा कि राज्य में न्याय देने से इनकार किया जा रहा है, इसलिए वहां लोकतंत्र लंगड़ा रहा है। राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। नायडू सरकार के सत्ता में आने के 45 दिनों के भीतर, राज्य में 30 से अधिक लोगों की हत्या हो चुकी है।

इस बीच, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, उनके चाचा और पार्टी महासचिव रामगोपाल यादव भी धरनास्थल पर पहुंचे। अखिलेश ने देर तक रेड्डी से बात की। इनके अलावा शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत, टीएमसी के नजीबुल हक और अन्नाद्रमुक के थंबी दुरई भी जंतर मंतर पहुंचे थे।

### बिहार विधानसभा का घेराव करने जा रहे थे...

## युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज

**एजेंसी** | नई दिल्ली

बिहार की राजधानी पटना में बुधवार को विधानसभा घेरने जा रहे युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और नेताओं पर लाठीचार्ज किया। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास के साथ भी मारपीट हुई। लाठीचार्ज में कई कांग्रेसी घायल हुए हैं। पुलिस ने 15 कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी लिया और बाद में बांड भरवाकर छोड़ दिया गया। दरअसल, बिहार में अपराध बढ़ने का आरोप लगाते हुए युवा कांग्रेस ने विधानसभा घेरने का ऐलान किया था। इसी के तहत विधानसभा का घेराव करने के लिए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बोरिंग कैनाल रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से बुधवार की दोपहर में मार्च निकाला। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने बोरिंग रोड चौराहा के पास बैरिकेडिंग कर दी गई। पुलिस प्रदर्शनकारियों को वापस जाने के लिए समझा रही थी। इसी दौरान मार्च में शामिल भीड़ बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने लगी। आरोप है कि पुलिस पर कुछ प्रदर्शकारियों ने पत्थर भी फेंके।

### बजट: विपक्ष का संसद भवन परिसर में प्रदर्शन, कांग्रेस का राज्यसभा से वॉकआउट

# विपक्ष शासित राज्यों से भेदभाव: खरगे, वित्त मंत्री ने आरोपों को किया खारिज

**एजेंसी** | नई दिल्ली

विपक्ष ने बजट को भेदभावपूर्ण बताया है और बुधवार को संसद भवन परिसर में बजट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत इंडिया गठबंधन के सांसद संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

दूसरी ओर कांग्रेस ने बजट 2024-25 में सभी राज्यों के लिए प्रावधान नहीं करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को राज्यसभा से बहिर्गमन किया। वहीं, लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय बजट के खिलाफ विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने शून्य काल के दौरान कहा कि बजट में केवल दो राज्यों को छोड़कर अन्य राज्य को कुछ नहीं मिला है। उन्होंने विभिन्न राज्यों के नाम गिनाते हुए कहा कि इन का विकास प्रभावित होगा। खरगे ने बजट पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्र सरकार की तीखी आलोचना की है। उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह राज्यों के साथ भेदभाव है।

बिहार और आंध्र प्रदेश को छोड़कर सभी राज्यों की थाली खाली ही रह गई है। उन्होंने तमिलनाडु, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और अपने कर्नाटक जैसे राज्यों का नाम लेते हुए ने कहा, किसी भी राज्य को कुछ नहीं मिला। खरगे ने यह आरोप भी लगाया कि बजट केवल कुछ लोगों को खुश करने और कुर्सी बचाने के लिए था।



### खरगे का वित्त मंत्री पर तंज...कहा- माताजी बोलने में एक्सपर्ट हैं

राज्य सभा में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करने वाली निर्मला सीतारमण पर निशाना साधते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मुझे उम्मीद थी कि मुझे सबसे ज्यादा मिलेगा। लेकिन हमें कुछ नहीं मिला। इस बीच राज्यसभा चेयरमैन जगदीप धनखड़ ने निर्मला सीतारमण को जवाब देने के लिए कहा। इस पर खरगे ने चुटकी लेते हुए कहा, पहले मैं बोल देता हूं। माताजी बोलने में तो एक्सपर्ट हैं मुझे मालूम है। खरगे ने राज्यसभा से बाहर निकलने से पहले मीडिया से कहा कि कांग्रेस पार्टी इस बजट का पुरजोर विरोध करेगी। उन्होंने कहा, ये कुर्सी बचाने के लिए सब हुआ है। हम इसकी निंदा करेंगे और इसका विरोध करेंगे। इंडिया गठबंधन इसका विरोध करेगी। अगर संतुलन नहीं होगा तो विकास कैसे होगा?



“बजट को लेकर राज्यसभा में सदन के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने जो आज किया है वह उनके लंबे राजनीतिक जीवन को देखते हुए उचित नहीं है। **-सीतारमण**

### कांग्रेस पर भ्रम फैलाने का आरोप

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट आवंटन में राज्यों के साथ भेदभाव किए जाने के विपक्ष विशेषकर कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि इसमें किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया गया है और बजट भाषण में सभी राज्यों का नाम नहीं लिया जाता है, लेकिन बजट दस्तावेजों में सभी राज्यों के आवंटन का उल्लेख होता है। सीतारमण ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि देश में सबसे अधिक बजट पेश करने वाली पार्टी अपने पूर्ववर्ती वित्त मंत्रियों के बजट भाषण को पढ़कर देखे कि क्या उसमें सभी राज्यों के नाम का उल्लेख किया गया है।

### अखिलेश यादव का तंज

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, समर्थन मूल्य किसान को ना देकर गठबंधन के साथियों को दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश को बड़े सपने दिखाए थे, क्या मिला उत्तर प्रदेश को? विकास बिहार जा रहा है तो उत्तर प्रदेश को क्यों छोड़ रहे हैं? बाढ़ अगर बिहार की रोकनी है तो नेपाल और उत्तर प्रदेश की बाढ़ रोके बिना आप बिहार की बाढ़ कैसे रोकेंगे? आप पहले उत्तर प्रदेश और नेपाल की बाढ़ रोके तो बिहार की बाढ़ अपने आप रुक जाएगी।'

**जरूरी खबर**

### चीनी नाविक को नौसेना ने सुरक्षित निकाला

**मुंबई।** अपतटीय क्षेत्र में गंभीर रूप से घायल एक चीनी नाविक को भारतीय नौसेना एक मालवाहक जहाज से सुरक्षित निकाल लिया। नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि घायल नाविक को हेलिकॉप्टर से हवाई परिसर ले जाया गया और उसके बाद आगे की चिकित्सा देखभाल के लिए अस्पताल भेज दिया गया। नौसेना ने कहा कि समुद्री बचाव समन्वय केंद्र, मुंबई को मंगलवार को मुंबई से 200 समुद्री मील दूर मालवाहक पोत 'झोंग शान मेन' से एक आपात संदेश प्राप्त हुआ। संदेश में 51 वर्षीय चीनी नाविक के गंभीर रूप से घायल होने और काफी खून बहने की जानकारी दी गई तथा उसे तत्काल सुरक्षित निकालने का अनुरोध किया गया। चिकित्सा आपातकाल की स्थिति में भारतीय नौसेना के हवाई परिसर आईएनएस शिकरा से सुबह पांच बजकर 50 मिनट पर एक सी-किंग हेलीकॉप्टर को रवाना किया।

### लॉरेंस ने मुझे मारने के लिए करवाई फायरिंग: सलमान




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने अपने घर पर हुई गोलीबारी के मामले में बड़ा दावा किया है। उन्होंने मुंबई पुलिस के सामने कहा कि उन्हें लगता है कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने ही उन्हें मारने की कोशिश की थी। 14 अप्रैल को दो बाइक सवारों ने एक्टर के बांद्रा स्थित आवास पर गोलीबारी कर दी थी। इसके बाद पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया था। मुंबई क्राइम ब्रांच ने सलमान खान का बयान दर्ज किया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सलमान ने मुंबई पुलिस से कहा कि मुझे लगता है कि लॉरेंस बिश्नोई ने मुझे और मेरे परिवार को मारने के लिए गोलीबारी कराई थी।

### जेल जाएंगे या जहन्नुम भेजे जाएंगे आतंकी: राय

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकवादियों को जेल में डाला जाएगा या जहन्नुम (नरक) भेजा जाएगा। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी के सवाल का जवाब देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि मोदी सरकार आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस रखती है और हाल ही में देखी गई आतंकवादी गतिविधियों को समाप्त किया जाएगा। कश्मीर सहित देश की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए नित्यानंद राय ने कहा कि आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


### आईपीयू अध्यक्ष भारत के दौरे पर... उपराष्ट्रपति धनखड़ से की मुलाकात





*नई दिल्ली। अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की अध्यक्ष और तंजानिया की नेशनल असेंबली की स्पीकर डॉ. तुलिया एक्सन ने बुधवार को नई दिल्ली में संसद भवन में राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की।*

### पहले ऑनलाइन निकाह, फिर गई पाक, अब लौटी



**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले से फर्जी दस्तावेज के आधार पर एक महिला के पाकिस्तान जाने का मामला सामने आया है। नगमा नाम की एक महिला जिसने अपना नाम बदलकर सनम खान कर लिया है। उसके ऊपर फर्जी दस्तावेज बनाकर पाकिस्तान के रावलपिंडी जाने का आरोप है। जानकारी के मुताबिक, लॉकडाउन के दौरान साल 2021 में नगमा उर्फ सनम खान का फेसबुक पर बशीर नाम के एक व्यक्ति से संपर्क हुआ था। बशीर पाकिस्तान के रावलपिंडी का रहने वाला है और एक होटल में काम करता है। दोनों में बातचीत शुरू हो गई और धीरे-धीरे एक-दूसरे से प्रेम हो गया। सनम ने बशीर से फरवरी 2024 में ऑनलाइन निकाह कर लिया। इसके बाद उसे वीजा भी मिल गया और वह रावलपिंडी पहुंच गई। वहां पहुंच कर उसने अपने प्रेमी बशीर से 27 मई को निकाह कर लिया।

**आतंकियों के खिलाफ सुरक्षा बलों का अभियान**

# J&K के कुपवाड़ा में मुठभेड़ आतंकवादी ढेर, जवान शहीद



**एजेंसी** | श्रीनगर

जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मंगलवार रातभर हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि सेना और पुलिस ने संदिग्ध आतंकवादी गतिविधियों के बारे में सूचना मिलने के बाद कुपवाड़ा के लोलाब इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया था। मंगलवार को संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर सैनिकों ने संदिग्धों को चुनौती दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

श्रीनगर की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कुपवाड़ा के कोवुत इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 23-24 जुलाई को संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया। संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर सैनिकों ने संदिग्धों को ललकारा। इस पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और फिर मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और एक सैनिक घायल हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि घायल सैनिक की बाद में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। इससे पहले मंगलवार को पुंछ में भी आतंकवादियों के खिलाफ अभियान में एक जवान शहीद हो गया था।

**पुलिस ने जारी किया स्केच**

## पठानकोट में फिर देखे 7 संदिग्ध, चप्पा चप्पा खंगालने में जुटे सुरक्षा बल

**एजेंसी** | पठानकोट

जम्मू से सटे पठानकोट के नीम पहाड़ी क्षेत्र के गांव फंगतोली में एक महिला ने सात संदिग्धों को देखा। एक माह में यह चौथी बार है, जब संदिग्ध गतिविधियों को बॉर्डर से सटे गांव के जंगलों में देखा गया। सभी संदिग्धों ने सेना जैसी वर्दी पहनी हुई थी और हथियारों के साथ कंधों पर भारी भरकम बैग उठा रखे थे। इसके बाद जिला पुलिस प्रशासन ने सात संदिग्धों में से एक का स्केच जारी किया है। संदिग्धों के बारे में जानकारी मिलने पर पुलिस, कमांडो और सेना ने बुधवार सुबह से जंगलों में सर्च आपरेशन शुरू किया है लेकिन, न तो एक भी संदिग्ध और ना ही कोई अन्य वस्तु हाथ लगी है जिससे कुछ पता चल सके। वहीं, डीएसपी सिटी सुमेर सिंह मान ने कहा कि मंगलवार देर



### पहले भी देखे गए थे संदिग्ध

इससे पहले भारत-पाक सीमा पर सटे गांव में देखे गए फार्म हाऊस में दो संदिग्धों में से भी एक संदिग्ध का स्कैच जारी किया था, लेकिन हाथ एक भी नहीं आ पाया। 17 जुलाई को जो चार संदिग्ध देखे गए थे वे मामून क्षेत्र का रास्ता पूछ कर आगे की ओर बढ़े। जबकि मामून क्षेत्र चारों तरफ से सेना बेस से घिरा हुआ है।

### महिला से पानी मांगा, कुछ सवाल किए और चल दिए

नीम पहाड़ी क्षेत्र गांव फंगतोली की रहने वाली सीमा देवी ने बताया कि वह मंगलवार देर रात अपने घर के पास खड़ी थी तभी जंगलों के रास्ते सात संदिग्ध लोग उसके पास आए। उक्त लोगों ने उससे पानी मांगा और पानी पीने के बाद उससे सवाल करने लगे। महिला से संदिग्ध कहने लगे आपका पति क्या काम करता है और आप क्या घर में अकेले रहते हो। महिला ने कहा कि उक्त लोग रंग से काले दिखाई दिए और लंबे कद के होने पर कंधों पर भारी भरकम बैग भी लटकाए हुए थे।

**बिहार लोक परीक्षा बिल पारित**

## पेपर लीक पर 10 साल की सजा, एक करोड़ का जुर्माना

**एजेंसी** | पटना



परीक्षा में धांधली और पेपर लीक रोकने के लिए बुधवार को बिहार विधानसभा से बिहार लोक परीक्षा विधेयक 2024 पारित किया गया। इस विधेयक में पेपर लीक करने वालों को 10 साल तक की जेल और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। विधानसभा के बाद अब विधेकय विधान परिषद में पास होना बाकी है। जिसके बाद इसे राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। विधेयक पेश करते हुए संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष ऐसे महत्वपूर्ण कानून का हिस्सा नहीं बनना चाहता, जिसका उद्देश्य युवाओं के लिए एक स्वच्छ परीक्षा प्रणाली सुनिश्चित करना है।

चौधरी ने कहा कि विधेयक में किसी भी तरह से परीक्षाओं को प्रभावित करने वाले पेपर लीक में शामिल संगठित गिरोहों और असामाजिक लोगों को रोकने के लिए कठोर दंड का प्रावधान है, क्योंकि यह समय की मांग है। पिछले 16 दिनों में देशभर में ऐसे 48 मामले सामने आए हैं। बिहार पर भी असर पड़ा है। केंद्र का कानून जुलाई से प्रभावी हो गया है और बिहार ने भी अपना कानून बना लिया है। अगर परीक्षा प्रणाली में छेड़छाड़ करने वाले ऐसे तत्वों पर मामला दर्ज किया जाएगा तो विपक्ष को क्या दिक्कत हो सकती है? यह दुखद है, बिहार की जनता सब देख रही है। विधेयक में कहा गया है कि अगर कोई अभ्यर्थी नियमों का उल्लंघन करते पाया जाता है तो उसके लिए तीन से पांच साल की सजा और 10 लाख रुपए के जुर्माने का प्रावधान नए बिल में किया गया है। परीक्षा में शामिल सेवा प्रदाता अगर कानून का उल्लंघन करते हैं तो उनके लिए एक करोड़ जुर्माने का प्रावधान है। परीक्षा की लागत भी सेवा प्रदाता से ही वसूली जाएगी। उसे चार साल के लिए ब्लैकलिस्टेड कर दिया जाएगा।

## भारतीय तीरंदाजों की पहली परीक्षा आज, दीपिका-तरुणदीप पर होंगी नजरें

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक की आधिकारिक तौर पर शुरुआत 26 जुलाई से होगी, लेकिन इससे एक दिन पहले गुरुवार को भारतीय तीरंदाज अपने अभियान का आरंभ करेंगे। तीरंदाजी वो स्पर्धा है जिसमें भारत अब तक कोई ओलंपिक पदक हासिल नहीं कर सका है और अब भारतीय तीरंदाज लेस इनवैलिड्स गार्डन में क्वालीफिकेशन राउंड के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। अनुभवी तरुणदीप राय और दीपिका कुमारी अपने चौथे ओलंपिक में भाग ले रहे हैं। उनकी अगुआई में टीम को पसंदीदा ड्रॉ हासिल करने के लिए क्वालीफिकेशन में कम से कम शीर्ष 10 में जगह बनानी होगी।

PARIS 2024

### क्वालीफिकेशन से तय होगी वरीयता

प्रत्येक तीरंदाज 72 तीर चलाएगा और क्वालीफिकेशन दौर में भाग ले रहे 53 देश के 128 खिलाड़ियों के स्कोर के आधार पर रविवार से शुरू होने वाली मुख्य नॉकआउट प्रतियोगिता के लिए वरीयता तय की जाएगी। भारतीय टीम के लिए क्वालीफिकेशन दौर महत्वपूर्ण होगा जो अक्सर निचली वरीयता हासिल करती रही हैं और ऐसे में नॉकआउट चरण में उन्हें दक्षिण कोरिया जैसी मजबूत टीम का सामना करना पड़ता है।

## अमेरिका की अपने नागरिकों को सलाह- मणिपुर व J&K न जाएं

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने अपने नागरिकों से मणिपुर, जम्मू-कश्मीर, भारत-पाकिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों और देश के मध्य और पूर्वी हिस्सों में नहीं जाने को कहा है, जहां नक्सली सक्रिय हैं। भारत के लिए संशोधित यात्रा परामर्श यानी ट्रैवल एडवाइजरी में अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा कि उसने पूर्वोत्तर राज्यों की जानकारी के साथ इसे अपडेट किया है। परामर्श में अमेरिकियों को आतंकवाद और हिंसा के कारण पूर्वोत्तर राज्यों की यात्रा पर पुनर्विचार करने की सिफारिश की गई है।

**DRDO का एक और कामयाबी**


# इंटरसेप्टर मिसाइल का सफल परीक्षण... पृथ्वी मिसाइल को बीच में रोका

**एजेंसी** | बालासोर(ओडिशा)

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा के बालासोर जिले के अब्दुल कलाम आइलैंड से बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली के दूसरे चरण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। मिसाइल को एलसी-IV धामरा से इंटरसेप्टर बैलिस्टिक मिसाइल को लॉन्च किया गया। वहीं, चांदीपुर परीक्षण रेंज से पृथ्वी-2 परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई और इसे सफलतापूर्वक रोक लिया गया। देश के लिए यह बड़ी कामयाबी है। डीआरडीओ की इस सफलता पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बधाई दी है। इस परीक्षण के लिए बालासोर जिला प्रशासन ने दस गांवों के 10,581 लोगों को अस्थाई तौर पर शिफ्ट किया था।

परीक्षण के दौरान पहले पृथ्वी-2 न्यूक्लियर बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई। इसके बाद डीआरडीओ ने इंटरसेप्टर मिसाइल एडी-1 को लॉन्च किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उड़ान परीक्षण ने सभी परीक्षण उद्देश्यों को पूरा किया, जिससे लंबी दूरी के सेंसर, कम विलंबता संचार प्रणाली और उन्नत इंटरसेप्टर मिसाइलों से युक्त एक पूर्ण नेटवर्क केंद्रित युद्ध अस्त्र प्रणाली की पुष्टि हुई। मिसाइल को बुधवार शाम चार बजकर 24 मिनट पर चांदीपुर स्थित आईटीआर के एलसी-3 से दागा गया। ज्ञात रहे कि भारत पृथ्वी की वायुमंडलीय सीमाओं के अंदर और बाहर दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने की क्षमता विकसित करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है।





### किसी भी मिसाइल को मार गिराने में सक्षम

भारत की यह मिसाइल दुश्मन की किसी भी मिसाइल को रास्ते में ही गिरा सकती है। यह 5000 किलोमीटर रेंज वाली मिसाइलों को बड़ी आसानी से मारकर गिरा सकती है। दुश्मन की किसी भी मिसाइल के खिलाफ इसे इस्तेमाल किया जा सकता है। किसी भी दिशा से आ रही मिसाइल को भांपकर यह फायर हो जाएंगी, और रास्ते में ही उससे टकराकर उसे नष्ट कर देगी।

### क्या है एडी एंडो-एटमॉस्फेरिक मिसाइल

दूसरे चरण की एंडी अंतः-वायुमंडलीय मिसाइल स्वदेशी रूप से विकसित दो चरणीय ठोस ईंधन प्रणोदित एवं जमीन से दागी जाने वाली मिसाइल प्रणाली है। इसका उद्देश्य निम्न बाह्य-वायुमंडलीय क्षेत्रों की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दुश्मन के कई प्रकार के बैलिस्टिक मिसाइल खतरों को निष्प्रभावी करना है।। यह मिसाइल दुश्मन की मिसाइलों को आता देख फायर हो जाएगी। अपनी जमीन से 1000 से 3000 किलोमीटर दूर ही उनसे टकराकर उन्हें नष्ट कर देगी। इसे आईआरबीएम मिसाइलों को ध्वस्त करने के मकसद से बनाया गया है। आईआरबीएम मिसाइलों की रेंज 3 से 5 हजार किलोमीटर होती है।

### ऐसे की परीक्षण की निगरानी

रक्षा मंत्रालय के अनुसार मिसाइल के प्रदर्शन की निगरानी आईटीआर, चांदीपुर द्वारा जहाज सहित विभिन्न स्थानों पर तैनात इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सिस्टम, रडार और टेलीमेट्री केंद्रों जैसे निगरानी उपकरणों द्वारा प्राप्त उड़ान आंकड़ों से की गई।

### दो वर्जन होते हैं मिसाइल के

विशेषज्ञों ने बताया कि बाह्य-वायुमंडलीय मिसाइल पृथ्वी के वायुमंडल के सबसे ऊपरी क्षेत्र में मिशन पूरा करने में सक्षम हैं जबकि अंत: वायुमंडलीय मिसाइल वे हैं जो पृथ्वी के वायुमंडल के भीतर संचालित होती हैं और 100 किलोमीटर से कम ऊंचाई तक के लक्ष्यों को भेदती हैं।


### वर्तमान सेवागीरों को ही सौंपा मंदिर में नियमित सेवा पूजा का जिम्मा

# जयपुर कलेक्टर गलताजी पर प्रशासक नियुक्त, देर शाम लिया मंदिर कब्जा

बेधड़क | जयपुर

गलतापीठ को लेकर कोर्ट के आदेश के बाद राज्य सरकार ने इसके प्रबंधन और मॉनिटरिंग के लिए जयपुर कलेक्टर को प्रशासक नियुक्त किया है। देवस्थान विभाग ने आदेश जारी कर मंदिर ठिकाना गलता जी की समस्त संपत्तियों का प्रबंधन और संचालन कलेक्टर को करने के लिए कहा। सरकार के इसी आदेशों की पालना में देर शाम जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित मंदिर की सम्पत्तियों का कब्जा लेने पहुंचे। देर शाम पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे कलेक्टर ने मंदिर परिसर में राजस्थान सरकार की सम्पत्ति के बोर्ड लगवाए। वहीं, पूरे मंदिर परिसर की वीडियोग्राफी करवाकर वहां रखे दानपात्र को खुलवाया।





### हाईकोर्ट ने अवधेशाचार्य की नियुक्ति को घोषित किया था अवैध

बता दें कि राजस्थान हाईकोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई के बाद गलता जी के महंत अवधेशाचार्य की नियुक्ति को अवैध घोषित कर दिया था। इसके साथ ही इस मंदिर और पीठ की समस्त सम्पत्तियों को संचालन एवं प्रबंधन राज्य सरकार एवं देवस्थान विभाग को करने के निर्देश दिए थे। हाईकोर्ट ने गलता पीठ का विकास अयोध्या के राम मंदिर और उज्जैन के महाकाल कॉरिडोर की तर्ज पर करवाने को कहा है। गलता पीठ की अब तक बेची गई सभी संपत्तियों की बिक्री को भी निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने कहा- गलता पीठ के अवधेशाचार्य स्वयंभू महंत बने हुए हैं। उनकी नियुक्ति पूरी तरह से अवैध है। जयपुर स्टेट ने उनके पिता रामोदाचार्य को महंत नियुक्त किया था। उनके निधन के बाद महंत नियुक्त करने का अधिकार केवल राज्य सरकार के पास है। इसलिए अवधेशाचार्य की नियुक्ति अवैध है। महंत अवधेशाचार्य, उनकी मां गायत्री देवी और अन्य ने देवस्थान आयुक्त के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। कोर्ट ने 22 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### सेवागीरों को अब प्रशासन देगा सैलरी

कलेक्टर ने बताया कि मंदिर में जिस तरह से प्रतिदिन सेवा पूजा होती है, उसी तरीके से विधि-विधान से पूजा-पाठ, भोग का कार्यक्रम होगा। विवाद से बचने के लिए मंदिर में वर्तमान में जो सेवागीर ठाकुरजी की पूजा अर्चना, भोग सेवा का काम कर रहे हैं, उन्हें ही अपाइंट कर रेगुलर सेवा पूजा का जिम्मा दिया हैं। इनकी सैलेरी अब प्रशासन की ओर से दी जाएगी।

### प्रबंधन समिति गठित

उन्होंने बताया कि मंदिर की समस्त परिसंपत्तियों के प्रबंधन और संचालन की व्यवस्था के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) की अध्यक्षता में कमेटी बनाई है। इसमें उपखण्ड अधिकारी (जयपुर प्रथम), कोषाधिकारी (शहर), जयपुर को सदस्य, सहायक आयुक्त (द्वितीय), देवस्थान विभाग को सदस्य सचिव बनाया है।

### दाधीच महिलाओं ने लगाए पौधे



**बेधड़क. जयपुर।** दाधीच समाज, जयपुर महिला प्रकोष्ठ की ओर से महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, (अंग्रेजी माध्यम), विद्याधर नगर में 415 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनिता शर्मा ने बताया कि सावन माह में उन्होंने समस्त महिलाओं की मंगलकामना के साथ पौधरोपण किया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की गिरिजा शर्मा, मीनू बृजेश व्यास,अलका दाधीच, शशि दाधीच, आशा दाधीच, हेमलता दाधीच, वर्षा शर्मा, रेणू आसोपा, सरोज दाधीच, मधु दाधीच, अरुणा दाधीच, उमा दाधीच, ललिता दाधीच, प्रमिला दाधीच, प्रियंका दाधीच, पुष्पा दाधीच सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। महिलाओं और विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण करने की भी शपथ ली।

### मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों का स्वागत

**बेधड़क. जयपुर।** थिम्पू भूटान में आयोजित 8वीं साउथ एशियन कराटे चैम्पियनशिप 2024 में जयपुर के अभ्र भाटी ने कैडेट वर्ग में 63 किलो भार में रजत पदक और दीपिका ने अंडर 21 महिला कुमिते वर्ग 50 किलोग्राम भार में सिल्वर मेडल जीता। राजस्थान कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश सोयल एवं महासचिव अनिल कल्याण ने दोनों खिलाड़ियों को 5000 के नकद पुरस्कार की घोषणा की। इस मौके पर परिजनों व कराटे खिलाड़ियों ने जयपुर पहुंचे खिलाड़ियों का रोड नं 1 से मुरलीपुरा और बैनाड रोड पर रैली निकाल कर स्वागत किया। अभ्र भाटी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता दिनेश कुमार भाटी और माता श्वेता भाटी को दिया। दीपिका व अभ्र ने (कीओ) कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष एवं मेंटॉर हंसी भारत शर्मा व राजस्थान कराटे एसोसिएशन का भी आभार व्यक्त किया। फिट टू फाइट के संरक्षक डॉ. गीता पटेल वं विभोर आनंद और डायरेक्टर पंकज भाटी और





परिवार के सभी सदस्यों व क्षेत्र वासियों ने अभ्र भाटी का स्वागत किया।

### रैंकर्स को देंगे पुरस्कार

## इंडिया MSME वीक इवेंट आज

**बेधड़क. जयपुर।** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की ओर से बिजनेस रैंकर्स के साथ 25 जुलाई को सुबह 9:30 से सायं 6:00 बजे तक इंडिया एमएसएमई वीक इवेंट का आयोजन किया जाएगा। बिजनेस रैंकर्स के एडिटर मूलचंद चाहर ने बताया कि इवेंट के मुख्य अतिथि जलदाय मंत्री कन्हैयालाल और उद्योग व वाणिज्य विभाग के राज्य मंत्री केके विश्नोई होंगे। इवेंट में ओडीओपी, क्लस्टर डवलपमेंट सहित विभिन्न विषयों पर विभाग के अधिकारियों और वक्ताओं की ओर से चर्चा की जाएगी। इंडिया एमएसएमई वीक इवेंट में राज्य सरकार के उद्योगों को बढ़ावा देने वाली नीतियों तथा योजनाओं का भी प्रचार-प्रसार किया जाएगा। चर्चा में विभिन्न सेशन होंगे, जिसमें मुख्य वक्ता उद्योग और वाणिज्य विभाग के प्रमुख सचिव अजिताभ शर्मा, आयुक्त रोहित गुप्ता, संयुक्त आयुक्त पीएन शर्मा होंगे। इसके अलावा सीईओ आरईपीसी पीआर शर्मा, एमडी, सिम्फोनिया और ग्राफिक्स (मॉडरेटर) अक्षय हाड़ा, संस्थापक, नीरजा इंटरनेशनल डॉ. लीला बोर्डिया वक्ता होंगे। दोपहर 12 बजे बाद क्लस्टरों के माध्यम से एमएसएमई विकास को मजबूत कैसे किया जाए? इस पर चर्चा की जाएगी। दोपहर 2:45 बजे से सेशन सशक्त महिला उद्यमी पर चर्चा तथा 3.45 बजे से एनएसई की ओर से कार्यशाला होगी। 4.20 बजे से सत्र एमएसएमई को बढ़ाना-विकास और विस्तार के लिए रणनीतियां, एमएसएमई के लिए वित्तपोषण विकल्प और समर्थन, एमएसएमई के लिए डिजिटल परिवर्तन पर चर्चा होगी। शाम 5 बजे बाद रैंकर्स एमएसएमई पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

## City इवेंट्स

### DMPL सीजन 3 ट्रॉफी का अनावरण




**बेधड़क. जयपुर।** मेडिकोज सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में 26 से 28 जुलाई तक चिकित्सकों के लिए गायन प्रतियोगिता डीएमपीएल का आयोजन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में किया जाएगा। प्रतियोगिता की ट्रॉफी का अनावरण बुधवार को एसबीआई के सी स्कीम स्थित मुख्यालय में एसबीआई के जयपुर मंडल के महाप्रबंधक चंद्रभूषण कुमार सिंह, ऋतु गौड़ व प्रबुद्ध कुमार ने किया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक कल्याण गजवेली, अजय कुमार गुप्ता, एजीएम राकेश मामोडिया, डीएमपीएल के आयोजन अध्यक्ष डॉ. संजीव गुप्ता, आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव और चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. हरीश भारद्वाज उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में आठ फ्रेंचाइजी हॉस्पिटल्स अपनी-अपनी टीमों के साथ ट्रॉफी जीतने की दावेदारी पेश करेंगे।

### चुनरी महोत्सव के पोस्टर का विमोचन



जयपुर। जीर्ण माता के दरबार में 11 अगस्त को चुनरी महोत्सव व ध्वजा महोत्सव के आयोजन किया जाएगा। अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति के राष्ट्रीय महामंत्री गोविंद नाटाणी ने बताया कि बुधवार को उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल नाटाणी ने दीया कुमारी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण कुमार नाटाण, समिति के पूर्व महामंत्री विनोद नाटाणी, आशीष नाटाणी, विद्याधर नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष तारा चंद शर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री घनश्याम अग्रवाल, राजेश पोद्दार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### 'लिटिल मास्टर्स' का ग्रांड फिनाले 27 से



**बेधड़क. जयपुर।** हॉन्क संस्था 17 साल तक के बच्चों की प्रतिभाओं को तलाशकर उन्हें किड्स एंटरप्रेन्योर, टैलेंट हंट और ब्यूटी पेजेंट बेहतर मंच प्रोवाइड करवाएगी। इसी कड़ी में संस्था की ओर से 25 जुलाई तक 'लिटिल मास्टर्स' के ऑडिशन किए जाएंगे। आयोजन में हॉन्क संस्था के साथ प्रॉपर्टी यूजेस जुड़कर बच्चों को प्रोत्साहित करेगा। आयोजन का ग्रांड फिनाले 27 और 28 जुलाई को पिंक स्क्वायर मॉल में किया जाएगा।

### सिंधी अकादमी में मासिक अदबी गोष्ठी का आयोजन

## साहित्य मन में उमंग जगाता है इसलिए रिश्तों का अहम हिस्सा



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान सिंधी अकादमी द्वारा झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित अकादमी संकुल में बुधवार को मासिक अदबी गोष्ठी का आयोजन किया गया। अकादमी सचिव योगेन्द्र गुरनानी ने बताया कि गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार नंदिनी पंजवानी ने की। गोष्ठी में निवाई की ऋचा ईसरानी ने प्रो. शेवकानी के सिंधी साहित्य में योगदान को रेखांकित करते हुए बताया कि उनका विचार था कि साहित्य इंसान में उमंग पैदा करता है, इसलिए रिश्तों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कविता सचदेव ने सिंधी शॉर्ट फिल्मों से सिंधी संस्कृति के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान पर बात की।

डीडी इसरानी ने अपनी नई कविता प्रस्तुत की। डॉ. पूनम केसवानी ने अपने आलेख में बताया कि नृत्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि लोकनृत्य एवं संगीत सिन्धियत को जिन्दा रखती है। हर्षा पंजाबी ने आलेख में सिंधी भाषा की अन्य भाषाओं से बराबरी-समानता पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रिया ज्ञानानी ने अपनी नई कविता 'कोन सरे' प्रस्तुत की। चित्रेश रिझवानी ने आलेख में सिंधी भाषा एवं साहित्य में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में डॉ. खेमचंद गोकलानी, नदिनी पंजवानी, डॉ. माला कैलाश, पूजा चांदवानी, पार्वती भागवानी, गोपाल, हेमनदास, मधु कालानी, वंदिता आहूजा, महेश किशनानी, मनोज आडवानी, पायल गोलानी, कविता इसरानी तथा सिंधी भाषी साहित्यकार आदि उपस्थित थे।

### दीया कुमारी ने किया फेस्टिवल का पोस्टर लॉन्च

## JKK की अलंकार गैलरी में दिखेंगी बाघों की अठखेलियां



बेधड़क | जयपुर

इंटरनेशनल टाइगर डे के मद्देनजर गुलाबी नगरी से दुनिया को बाघ संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से राजस्थान हेरिटेज, आर्ट एंड कल्चरल फाउंडेशन की ओर से 5वें जयपुर टाइगर फेस्टिवल (जेटीएफ) का आयोजन किया जाएगा।

जवाहर कला केन्द्र की अलंकार गैलरी में 27-30 जुलाई तक होने वाले फेस्टिवल में विशाल फोटो प्रदर्शनी लगाई जाएगी। देश-दुनिया के वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर्स की 200 से अधिक तस्वीरें यहां देखने को मिलेंगी। डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने बुधवार को जेटीएफ का पोस्टर लॉन्च किया। उन्होंने जेटीएफ की सराहना करते हुए कहा कि बाघ संरक्षण की दिशा में ऐसे आयोजन बहुत महत्वपूर्ण है। इस दौरान जेटीएफ के पेट्रन धीरेंद्र के गोधा, सचिव आनंद अग्रवाल, सदस्य अंशु जैन, नमन गोधा, अनिल भंडारी मौजूद रहे। जेटीएफ के फाउंडर पेट्रन धीरेन्द्र कुमार गोधा ने बताया कि जेटीएफ के विगत संस्करणों की स्मृति वन्यजीव प्रेमियों के दिलों में है। जेटीएफ शुरुआत से ही कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बड़ी संख्या में वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर्स और स्टूडेंट्स की फोटोज की एंट्रीज आई है। प्रदर्शनी से ना केवल बाघों के जीवन और जंगल को करीब से देखने का मौका मिलेगा, बल्कि चर्चा सत्रों में जीव संरक्षण की सीख भी साकार होगी।

**नटराज महोत्सव** | इश्तियाक खान के निर्देशन में 'द शेडो ऑफ ओथेलो' का मंचन

## फिल्म बनाना चाहते थे, चुनौतियां देख नाटक पर फोकस

बेधड़क | जयपुर

जवाहर कला केंद्र की सहभागिता में आयोजित छह दिवसीय नटराज महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को मशहूर नाट्य निर्देशक इश्तियाक खान लिखित और निर्देशित नाटक 'द शेडो ऑफ ओथेलो' का मंचन हुआ। एयू बैंक, रजा फाउंडेशन और फोर्थ वॉल सोसाइटी के संयोजन से यह महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। 'जॉली एलएलबी सहित कई मूवीज में नजर आ चुके अभिनेता और निर्देशक इश्तियाक ने रंगायन सभागार में भी अपने अभिनय का जादू दिखाया।



### त्रासदी और मनोरंजन के बीच संतुलन

यह नाटक इस बात की पड़ताल करता है कि क्या नाटक सफल होता है और कैसे अंकुर त्रासदी और मनोरंजन के बीच संतुलन बनाए रखते हुए ग्रामीणों को अभिनय, नाटक और जीवन के बारे में सिखाते हैं। इश्तियाक खान ने भोला, सदानंद पाटिल ने ज्ञानेन्द्र राज अंकुर, विश्वनाथ चटर्जी ने चंदन, वैभव सिंह ने भैयाजी, अभिनय शर्मा ने रईस, राहुल तोमर ने मंगलू का किरदार निभाया। अन्य कलाकारों में आलोक गाड़ेकर, अभिकल्प गाड़ेकर, अनिल जाटव, महेंद्र श्रीवास, अनुप इंगले, शीबा अज़हर सम्राट, साहिबा विज वैद्य, कामरान खान शामिल हैं।

### रोजगार की तलाश में भटकते युवाओं की कहानी

नाटक उत्तर भारत के छोटे से गांव में रोजगार की तलाश में भटक रहे युवाओं की कहानी है। समूह में कुछ लोग कभी-कभी छोटा मोटा काम कर भी लेते हैं। ये सभी फिल्म ओंकारा से बड़ा प्रेरित रहते हैं। दोबारा ऐसी फिल्म बनाने का खयाल उनके मन में उपजता है। फिल्म में आने वाली कठिनाइयों को भांपकर ग्रुप का मेंबर भोला नाटक बनाने की राय देता है, जिसपर सभी एकमत होते हैं। वह बताते है कि नाटक शेक्सपियर की ओथेलो पर आधारित है। वे दिल्ली के निर्देशक ज्ञानेंद्र राज अंकुर को मदद के लिए राजी करते हैं। अंकुर, पेशेवरों के साथ काम करने के आदी हैं, उन्हें उन ग्रामीणों से चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जो ओथेलो के बजाय 'ओमकारा' का प्रदर्शन करने के लिए दृढ़ हैं। जैसे-जैसे उनके अलग-अलग दृष्टिकोणों पर संघर्ष होता है, ओथेलो का नाटक उनके जीवन में सामने आता है, जो ईर्ष्या, जलन और राजनीति को दर्शाता है।

प्रसन्नता की पहली शर्तों में से एक है कि मनुष्य और प्रकृति के बीच का सम्बन्ध नहीं टूटना चाहिए।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



नेपाल के काठमांडू एयरपोर्ट पर क्रैश हुआ यात्री विमान...

# अब तक 15 शव निकाले गए, 19 लोग थे सवार



एजेंसी | काठमांडू

नेपाल की राजधानी काठमांडू में यात्रियों को लेकर जा रहा एक विमान क्रैश हुआ है। सौर्य एयरलाइंस का एक विमान बुधवार को काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (टीआईए) पर उड़ान भरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। टीआईए के प्रवक्ता प्रेमनाथ ठाकुर ने बताया है कि पोखरा जा रहे विमान में विमान चालक दल सहित 19 लोग सवार थे, जो सुबह करीब 11:11 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जानकारी के मुताबिक, दुर्घटनास्थल से 15 शव बरामद कर लिए गए हैं। प्लेन के कैप्टन मनीष शाक्य समेत दो लोगों को हादसे के बाद सुरक्षित बचा लिया गया। दुर्घटनास्थल पर तैनात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दंबर बीके ने बताया है कि विमान में सवार सभी 19 लोग सौर्य एयरलाइंस के ही कर्मचारी थे। काठमांडू मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक राजधानी के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर सौर्या एयरलाइंस के विमान में आग लगने से ये दुखद घटना हुई है। हवाईअड्डे के सूत्रों के अनुसार उड़ान भरने के दौरान विमान रनवे से फिसल गया, जिसके नतीजे में ये दुर्घटना हुई। ये विमान काठमांडू से पोखरा जा रहा था और इसमें कुल 19 लोग प्लेन में सवार थे।



## आसमान में छा गया धुएं का गुबार

स्थानीय सूत्रों ने बताया है कि दुर्घटना के बाद विमान में आग लग गई और धुएं का भारी गुबार आसमान में छा गया। दुर्घटना के कारण विमान में लगी आग को बुझाने के लिए अग्निशमन कर्मियों और सुरक्षा कर्मियों की एक टीम तैनात की गई। काठमांडू घाटी पुलिस कार्यालय के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश राज मैनाली ने घटना पर जानकारी देते हुए बताया है कि हादसे के तुरंत बाद ही राहत और बचाव की टीम ने मोर्चा संभाल लिया। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्ककत के बाद 11:40 बजे तक आग पर काबू पा लिया। उन्होंने कहा कि सौर्य एयरलाइंस के विमान में लगी आग पर काबू के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एक झटके में परिवार खत्म

एयरलाइंस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान में फ्लाइट मेंटेनेंस स्टाफ मनुराज शर्मा अपनी पत्नी प्रिजा खतिवडा और चार साल के बेटे अधिराज शर्मा के साथ यात्रा कर रहे थे। इस हादसे में तीनों की मौत हो गई है। बयान के अनुसार प्रिजा भी सरकारी कर्मचारी थीं और उर्जा मंत्रालय में सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थीं। बता दें कि हादसे में मारे गए लोगों में से 17 सौर्य एयरलाइंस के ही स्टाफ थे।

## एक पायलट की बची जान

इस क्रैश में 37 वर्षीय कैप्टन एम आर शाक्य की जान बच गई है और उन्हें क्रैश साइट से रेस्क्यू किया गया है. अस्पताल में उनका इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि विमान बॉम्बार्डियर CRJ-200ER था, जिसे साल 2003 में बनाया गया था। इस विमान को मरम्मत के लिए ले जाया जा रहा था। एयरलाइंस ने कहा है कि विमान पोखरा जा रहा था। ताकि मरम्मत के बाद उसका टेक्निकल इंस्पेक्शन हो सके। विमान ने रनवे 2 से टेक ऑफ किया था और रनवे 20 पर ही क्रैश कर गया।

## 2018 के हादसे में गई थी 51 लोगों की जान

मार्च 2018 में बांग्लादेश से नेपाल जा रही यूएस-बांग्ला एयरलाइंस की एक उड़ान त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसमें 51 लोगों की मौत हो गई थी।

## प्राधिकरण ने की पुष्टि

नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने प्रेस विज्ञप्ति जारी की है जिसमें बताया गया है कि "सौर्य एयरलाइंस की CRJ7 (Reg 9NAME) उड़ान ने स्थानीय समयानुसार सुबह 11:11 बजे काठमांडू से पोखरा के लिए उड़ान भरी और उड़ान भरते ही दाईं ओर मुड़ गया और रनवे के पूर्व की ओर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया।"

ओलंपिक से पहले पेरिस हुआ पतित

# ऑज़ी महिला से गैंगरेप

एजेंसी | पेरिस

रांस में दो दिन बाद ओलंपिक की शुरुआत होनी है, लेकिन इससे पहले एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने पूरे फ्रांस को शर्मसार तथा पेरिस को दागदार कर दिया है। दरअसल, फ्रांस की राजधानी पेरिस में ऑस्ट्रेलिया की एक महिला के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है।

पुलिस के मुताबिक ओलंपिक से कुछ दिन पहले पेरिस में एक ऑस्ट्रेलियाई महिला के साथ 5 लोगों ने सामूहिक बलात्कार कर दिया। बलात्कार पीड़िता ने खुद के साथ दुष्कर्म होने के बाद एक कबाब की दुकान में शरण ली, जिसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फ्रांसीसी पुलिस ने बताया



कि 20 जुलाई की आधी रात के बाद महिला के साथ गैंगरेप के साथ ही मारपीट भी की गई। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। फ्रेंच मीडिया के मुताबिक महिला ने घटना की सूचना तब दी, जब वह घटना के बाद राजधानी के पिगले इलाके में एक कबाब की दुकान में शरण मांग रही थी।

## पेरिस की सड़कों पर भागती दिखी पीड़िता

फ्रांसीसी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज में वह बलात्कारियों से जान बचाने के लिए सड़कों पर भागती हुए आ रही है और दुकान में घुसती हुई दिखाई दे रही है। इसके साथ वह अपने फटे हुए कपड़े के साथ कर्मचारियों से मदद मांगती भी दिखाई दे रही है। सीसीटीवी में नजर आ रहा है कि उसके दुकान में पहुंचने के बाद एक आदमी दुकान में घुसता है। वह कुछ खाने का ऑर्डर देने से पहले महिला की पीठ थपथपाता है।

## आरोपियों ने चुराया महिला का मोबाइल

आदमी से डरकर महिला इशारा करती है कि वह आदमी उस ग्रुप में शामिल है, जिसने उसके साथ गैंगरेप किया है। उसके यह बताने के बाद कबाब दुकान का एक कर्मचारी आरोपी का विरोध करता है। इस दौरान आरोपी रेस्टोरेंट से बाहर चला जाता है। जानकारी के मुताबिक आरोपियों ने महिला का मोबाइल भी लूट लिया। इस हैरान कर देने वाली घटना के बाद पूरे फ्रांस के लोगों में गुस्सा है। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने भी इस घटना को लेकर चिंता जाहिर की है।

यलोस्टोन नेशनल पार्क

# गर्म पानी के फव्वारे में बड़ा विस्फोट

एजेंसी | वाशिंगटन

अमेरिका के यलोस्टोन नेशनल पार्क के बिस्किट बेसिन में एक गाइजर विस्फोट हुआ, यानी गर्म पानी के चश्मे या फव्वारे का धमाका। साइंस की भाषा में इसे हाइड्रोथर्मल विस्फोट कहते हैं। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। जब यह विस्फोट हुआ, उस समय कुछ पर्यटक इस स्थान पर घूमने गए थे।

वो इस गाइजर का वीडियो बना रहे थे। तभी ब्लैक डायमंड पूल के पास अचानक से गर्म पानी के फव्वारे में भयानक विस्फोट हुआ। पर्यटक तेजी से जान बचाकर भागे। हालांकि किसी को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंचा। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे ने तत्काल बिस्किट बेसिन को बंद करवा दिया।



## यह पार्क है बड़ी तबाही का द्वार

वैज्ञानिक यह पता करने की कोशिश कर रहे हैं कि कहीं यलोस्टोन नेशनल पार्क के नीचे कोई बड़ी तबाही जन्म तो नहीं ले रही है, क्योंकि यह इलाका एक बहुत बड़े ज्वालामुखी विस्फोट के इंतजार में है। इसे लेकर कई स्टडीज हो चुकी हैं। यहां पर अक्सर छोटे-मोटे ज्वालामुखी विस्फोट होते रहते हैं। क्या इस बार बड़ी आपदा आएगी? यलोस्टोन वॉल्कैनो ऑब्जरवेटरी के साइंटिस्ट माइकल पोलैंड ने बताया कि यलोस्टोन नेशनल पार्क के उत्तर-पूर्व में तीन बड़े हाइड्रोथर्मल विस्फोट से बने क्रेटर हैं।

## क्या होता है हाइड्रोथर्मल ब्लास्ट

USGS की पूर्व वैज्ञानिक लीसा मॉर्गन ने बताया कि हाइड्रोथर्मल विस्फोट तब होता है, जब ज्वालामुखी की वजह से पानी उबलता रहे। एक बेहद तंग जगह पर भाप जमा होता जाए। अंत में जब भाप का प्रेशर बहुत ज्यादा हो जाता है, तब गर्म पानी का विस्फोट होता है। इसमें गर्म कीचड़, सल्फर से भरा जलता हुआ पानी और भाप निकलता है। ये विस्फोट बेहद महत्वपूर्ण हैं, जबकि इनके बारे में लोगों को ज्यादा जानकारी नहीं है। अगर इसी तरह से विस्फोट बढ़ते हैं तो यहां पर बड़े क्रेटर और गड्ढे बन सकते हैं।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl